


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 281/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 21 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

## सोने-चांदी के दामों में बड़ी बढ़त-एक दिन में सोना 1,645 और चांदी 1,775 बढ़ी

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 21 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशनके अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम



1,645 बढ़कर 95,452 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 93,807 प्रति 10 ग्राम थी।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने किया इमोशनल पोस्ट, कहा- पापा आपकी यादें...

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने पिता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा की, जिसमें उनके साथ बिताए पलों की यादें शामिल थीं। राहुल ने अपने पिता की समाधि स्थल की तस्वीर के साथ एक पुरानी तस्वीर भी पोस्ट की।



**राहुल गांधी ने किया इमोशनल पोस्ट-** राहुल गांधी ने अपने पिता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पर एक इमोशनल कर देने वाला पोस्ट लिखा. इस पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा -'पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है - और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा।'

## अमेरिका ने लॉन्च की नई मिसाइल 'गोल्डन डोम', क्या एस-400 पर भारी पड़ेगी?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक महत्वाकांक्षी मिसाइल डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम की घोषणा की है जो इजरायल की प्रसिद्ध आयरन डोम की तरह हो सकता है। व्हाइट हाउस से बोलते हुए ट्रंप ने कहा, गोल्डन डोम मेरे कार्यकाल के अंत तक चालू हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस विशाल रक्षा प्रणाली की कुल लागत लगभग 175 बिलियन डॉलर होगी। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि जिस गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कवच की वह योजना बना रहे हैं उसमें उपयोग होने वालीं सभी चीजें संयुक्त राज्य अमेरिका में ही बनाई जाएंगी। ट्रंप ने कहा कि कनाडा ने भी गोल्डन डोम परियोजना में शामिल होने में रुचि दिखाई है और अमेरिका इस प्रयास में अपने उत्तरी पड़ोसी का पूरा समर्थन करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की कि चीन और रूस से बढ़ते खतरों को रोकने के उद्देश्य से बनाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी रक्षा कार्यक्रम के निर्माण का नेतृत्व करने के लिए एक अंतरिक्ष बल जनरल को नियुक्त किया गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष बल के जनरल माइकल गुएटलीन इस परियोजना के प्रमुख कार्यक्रम प्रबंधक होंगे।



## अब तुर्किए और अजरजैबान में नहीं होगी किसी हिंदी फिल्म की शूटिंग

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हिंसा के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़े तनाव का असर इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी देखने को मिला। भारत ने सभी पाकिस्तानी कलाकारों के हिंदी फिल्मों में काम करने पर रोक लगा दी। इन कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट्स और गानों को बैन कर दिया गया। हिंदी सिनेमा के कई



कलाकारों ने पाक फिल्म इंडस्ट्री के सेलेब्स को भी उनके बेतुक बयानों की वजह से खरी-खोटी सुनाई। इन सबसे बड़ा फैसला यह किया गया कि पाकिस्तान के बाद तुर्किए और अजरबैजान जैसे देशों के बहिष्कार का भी ऐलान किया गया। 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज' के मुख्य सलाहकार अशोक पंडित ने यह ऐलान किया। कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच काफी तनाव देखने को मिला।

## उद्धव ठाकरे भी आए साथ, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होगी पार्टी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का रुख वैश्विक मंच पर पेश करने के लिए बनाए गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के रवाना होने से पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से संपर्क किया। बता दें, इससे पहले एनसीपी और टीएमसी ने भारत का रुख वैश्विक



मंच पर पेश करने के लिए बनाए गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में अपने सांसदों को भेजे जाने की मंजूरी दी है। अब इंडिया ब्लाक के एक और घटक दल शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे इस मामले में केंद्र की रुख के साथ आ गए हैं। हालांकि शिवसेना (यूबीटी) ने स्पष्ट किया कि वह पहलगाम हमले में खुफिया विफलताऔर पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक स्थिति को लेकर सवाल उठाना जारी रखेगी।

## पिथौरागढ़ में पहाड़ी दरकने से रास्ता बंद, यात्रा के लिए निकले सैकड़ों यात्री फंसे


**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण सड़क बंद हो गई है। सोमवार देर रात ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच एक विशाल चट्टान खिसककर सड़क पर आ गई, जिससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, इस घटना के कारण आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए जा रहे और लौट रहे सैकड़ों यात्री मार्ग में फंस गए हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने मार्ग को खोलने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। भारी चट्टान और मलबे के कारण बंद सड़क को आज देर शाम तक खोलने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



### राजस्थान के बीकानेर के नाल एयरपोर्ट कल पहुंचेंगे पीएम मोदी

# पाकिस्तान के झूठ का होगा पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान के बीकानेर पहुंचेंगे। यहां उनके साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी रहेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद बार्डर इलाके में जाकर अपने जवानों की हौसला अफजाई कर रहे हैं और साथ ही पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब कर रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी गुरुवार को बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और पाकिस्तान के एक और झूठ को



बेनकाब करेंगे। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक इंटरव्यू में बताया कि पाकिस्तान ने इस एयरपोर्ट पर ड्रोन अटैक कर तबाह करने का दावा किया था। यहां पर प्रधानमंत्री पहुंचकर लोगों के जो संदेश देंगे उसकी गूंज पूरे विश्व में फैलेगी। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस एयरपोर्ट पर भी पाकिस्तान ड्रोन हमले हुए, लेकिन उन हमलों को हमारे वीर सैनिकों ने नाकाम किया। पाकिस्तान अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया। पाकिस्तान पहले आदमपुर में भी हमले की कोशिश की थी लेकिन वह भी नाकामयाब हुआ। पाकिस्तानियों ने भ्रम फैलाने की कोशिश की उसने आदमपुर एयरबेस को नुकसान पहुंचाने की झूठी खबर फैलाई।

### करणी माता मंदिर में जाकर करेंगे दर्शन

पीएम मोदी बीकानेर जिले के देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। यह मंदिर मां दुर्गा का अवतार कहे जाने वाली करणी माता को समर्पित है। करणी माता जोधपुर और बीकानेर के राजपरिवारों की कुलदेवी मानी जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, करणी माता ने 100 वर्षों तक कठोर तप किया और 151 सालों तक जीवित रहीं। शादी के बाद उन्होंने सांसारिक मोह त्याग दिया और एक गुफा में तपस्या शुरू की। यह मंदिर मां दुर्गा का अवतार कहे जाने वाली करणी माता को समर्पित है।



# कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में PSC प्रतिभागी सम्मानित

### प्रदेश के 58 कैंडिडेट्स का हुआ चयन, सीएम ने किया ई-ज्ञान सेतु का शुभारंभ

**भोपाल।** यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा 2024 में पास 58 प्रतिभागियों का कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कुल 58 प्रतिभागियों में से 15 युवतियां हैं। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएम ने ई-ज्ञान सेतु का शुभारंभ किया। इसके जरिए यूट्यूब व अन्य प्लेटफार्म पर बच्चों को स्टडी मटेरियल ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें ऑनलाइन कोर्स, वीडियो ट्यूटोरियल, और अन्य सामग्री शामिल है। ई-ज्ञान सेतु पर मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग व बिजनेस से जुड़े स्टडी मटेरियल उपलब्ध होंगे। इसके लिए भोपाल व इंदौर समेत प्रदेश के 10 जिलों में डिजिटल स्टूडियो तैयार किए गए हैं। बता दें कि



ग्वालियर की आयुषी बंसल को 7वीं रैंक मिली है। इससे पहले आयुषी ने क्क्ष्ट-2023 में 97वीं और 2022 में 188वीं रैंक हासिल की थी। आयुषी का जन्म ग्वालियर में हुआ है। माता-पिता दोनों स्ढ्ढष्ट में काम करते थे। जब वे 5वीं क्लास में थीं, उनके पिता का निधन हो गया था। स्कूली पढ़ाई के बाद द्ढद्ढञ्ज की तैयारी के लिए वो दिल्ली आ गईं। यहां मैकेंजी एंड कंपनी में काम किया। 2022 में जॉब क्विट करके क्क्ष्ट, ष्टस्श्व प्रिपरेशन शुरू की।

ग्वालियर के ही माधव अग्रवाल ने 16वीं रैंक हासिल की है। साल 2019 में उन्होंने ष्ट में टॉप रैंक हासिल की थी। उनके पिता राकेश अग्रवाल चाय व्यवसायी हैं। वहीं, रीवा के रोमिल द्विवेदी को 27वीं रैंक मिली है। रोमिल सहकारिता विभाग के जॉइंट कमिश्नर केके द्विवेदी के बेटे हैं। पिछले साल इनका सिलेक्शन ऑल इंडिया रेलवे सर्विस में हुआ था। इसी तरह मंदसौर जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी ने 28वीं रैंक हासिल की है। खास बात ये कि ऋषभ ने बिना कोचिंग के ही ये मुकाम पाया है।

## भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहाः मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में उत्तम सुख निरोगी काया का भाव प्राचीन काल से ही विद्यमान रहा है। परिवारों में रितु आधारित आहार विहार और संयमित जीवन शैली के विचार के व्यवहार मे पालन की परिपाटी रही है। पतंजलि से लेकर घेरंड संहिता तक से हमें, काया को निरोगी बनाए रखने के सूत्र प्राप्त होते हैं । भारतीय धर्म ग्रंथ भी यही विचार देते हैं कि जैसे पका हुआ फल अपना जीवन पूर्ण करता है , वैसे ही व्यक्ति भी अपनी जीवन यात्रा पूर्ण करें । मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल की प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता सराहनीय है। राज्य सरकार वर्ष 2028 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में प्रत्येक स्तर पर सघन प्रयास जारी हैं ।मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कार्यक्रम में सम्मानित टीबी चैंपियंस के प्रयासों और टी बी को हराने के उनके मन के संकल्प और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने नियमित दिनचर्या और प्रतिदिन व्यायाम के लिए सभी को प्रेरित किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर अभियान सम्मान समारोह और स्वस्थ यकृत मिशन का राज भवन स्थित सांदीपनि सभागार में शुभारंभ किया।






## अबूझमाड़ में डीआरजी जवानों की बड़ी कार्रवाई में 26 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**बीजापुर।** नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 26 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों



के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 26 नक्ललियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।




# लव जिहादः महिला आयोग की टीम भोपाल में 3 दिन रही, राज्यपाल व सीएम को भेजी रिपोर्ट

**भोपाल।** कॉलेज छात्राओं से जुड़े कथित लव जिहाद मामलों की जांच करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की एक उच्चस्तरीय समिति ने तीन दिन तक शहर में रहकर जांच की। रिपोर्ट राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सौंपी गई है जिसमें कई गंभीर आशंकाएं जताई गई हैं। बता दें, 3 से 5 मई के दौरान टीम ने कई पीड़िताओं, कॉलेज प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपी युवकों ने सुनियोजित तरीके से कॉलेज छात्राओं को प्रेमजाल में फंसाया। उन्हें महंगे उपहार, बाइक और कपड़ों का लालच दिया गया। इसके बाद उन पर धर्म परिवर्तन के लिए



मानसिक दबाव बनाया गया। कई छात्राओं की मानसिक स्थिति खराब पाई गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जिन आरोपियों की पारिवारिक स्थिति सामान्य है, वे अत्यधिक विलासिता से जी रहे हैं। इससे ड्रग तस्करी या अन्य अवैध फंडिंग नेटवर्क की आशंका को बल मिला है। रिपोर्ट में इस दिशा में गहन जांच की सिफारिश की गई है।

### ये सुझाव दिए गए

- संगठित अपराध की धाराओं में केस दर्ज हो
- पुलिस को पीड़ित छात्राओं के लिए काउंसलिंग सेंटर स्थापित करने की सलाह दी गई है ताकि पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रीस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) से बचा जा सके।
- जेंडर सेंसिटाइजेशन और कम्युनिकेशन स्किल की ट्रेनिंग अनिवार्य करने की अनुशंसा।

### शिक्षा के नाम पर चल रही दुकानें जांच के दायरे में हो

महिला आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है कि कुछ संस्थानों ने शिक्षा के नाम पर स्कॉलरशिप योजनाओं, सस्ती दर की जमीनों और सरकारी अनुदानों का दुरुपयोग कर एक तरह का धनार्जन केंद्र बना लिया है। यह भी एक आर्गजनाइड स्कैम हो सकता है जिसकी विस्तृत जांच जरूरी है।

# ज्येष्ठ मास के द्वितीय मंगलवार में हनुमान महाराज की करे आराधना, होगा सदा मंगल: पं. केशव शास्त्री



**भोपाल।** ज्येष्ठ मास के पावन पर्व पर समस्त सनातन धर्म प्रेमियों को मंगलमय शुभकामनाएं। यह मास प्रभु श्रीराम और उनके परमभक्त श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य मिलन का प्रतीक है। मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को भगवान श्रीराम और हनुमान जी का मिलन हुआ था, जो भक्तों के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। राजधानी भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित सिद्ध पीठ पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर के पुजारी, कथा व्यास पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि द्वितीय मंगलवार को विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। यदि कोई श्रद्धालु हनुमान जी को 11 पान के पत्तों की माला, जिन पर ÷राम-राम÷ लिखा हो, साथ ही 11 तुलसी पत्र और गुड़-चना अर्पण करता है या 108 आक के फूलों की माला अर्पित करता है, तो हनुमान जी उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और जीवन के सभी कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को शत्रु बार-बार परेशान कर रहा हो तो उसके लिए एक विशेष उपाय बताया गया है। पंचमुखी हनुमान मंदिर में जाकर एक कच्चे सूती धागे को अपने ऊपर से सात बार उतारें, फिर उस धागे की बत्ती बनाकर उसे सरसों के तेल में भिगोएं और दीपक जलाएं। इसके बाद उस दीपक को तीन बार अपने ऊपर से उतारें और हनुमान जी के मंदिर में अर्पित कर दें। यह प्रयोग शत्रु बाधा को समाप्त करता है और जीवन में सुरक्षा और शांति प्रदान करता है। हनुमान जी की कृपा से आपके जीवन में सदा सुख, समृद्धि और विजय का वास बना रहेगा।

# बाल अभिव्यक्ति शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने पूल पार्टी का लिया आनंद

**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 475 बच्चे अलग-अलग एक्टिविटी में भाग लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। मंगलवार को छोटे बच्चों के मनोरंजन हेतु पूल पार्टी का आयोजन किया गया, बच्चों ने इस पार्टी में खूब मनोरंजन किया जिससे न केवल बच्चे बल्कि उनके अभिभावकगण भी बहुत आनंदित हुए। इस अवसर पर शिविर का अवलोकन करने के लिए राहुल राजपूत जिलाध्यक्ष भाजपा, कमल वीधानी, ईश्वर हिमथानी, पुरूषोतम गिदवानी, जीतेन्द्र राठौर, योगिता वाल्के आदि ने पहुंचकर बच्चों की गतिविधियां देखी।

शिविर में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योगा, खेलकूद, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रातः 8 से 11 बजे तक चित्रकला, मेंहदी, कम्पयूटर, कुकिग कैलीग्राफी, हस्त लेखन, संगीत, नृत्यकला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटिशियन, अंग्रेजी स्पोकन तथा अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा हैं। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से यहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ढेर सारी कलाओं को सीख रहे है, वे भविष्य में उनके लिये काफी मददगार सिद्ध होगी। प्रातःकालीन योगा एवं खेलकूद से बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलता हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्नयन तथा समय के उचित सदुपयोग के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को ऐसे शिविर में भाग लेकर अपनी कला को निखारना चाहिए।



# भक्ति मार्ग से ही मनुष्य भगवान तक पहुंच सकता है: पं.जीवन तिवारी

## सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा



संत हिरदाराम नगर। नुक्कड वाली माता मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ के छठवें दिन कथा व्यास पंडित जीवन तिवारी ने कंस वध एवं रुक्मणी विवाह का मंगल वर्णन किया। भगवान कृष्ण की लीलाओं का बखान किया। कंस वध एवं रुक्मणी विवाह के संदर्भ सुनाएं। जीवन तिवारी ने कहा कि यदि आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान बनाना है तो नशा और बुरी आदतों को छोड़कर भगवान की भक्ति में लीन हो जाओ। भगवान की भक्ति का नशा सभी नशे पर भारी है। जीवन में सुख दुःख आते रहते हैं। दुःख आने पर हार नहीं मानना चाहिए क्योंकि जीवन में दुःख आयेगा तो उससे अधिक सुख भी मिलेगा। भक्ति ही वह मार्ग है जिसके माध्यम से मनुष्य को भगवान तक पहुंचने का मार्ग मिलता है। भगवान भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। भक्त को यदि फल चाहिए तो धैर्यपूर्वक पूजा करना चाहिये। धैर्यपूर्वक पूजा करने के बाद उसे फल मिठा ही मिठा मिलेगा। बस अपने मन को प्रभु की भक्ति में लगाकर रखना चाहिए। कथा में भगवान को 56 प्रकार का भोग लगाया गया। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 15 मई से 21 मई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रभु इच्छा तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा का आज महाप्रसादी के साथ विश्राम किया जाएगा।

## नगर निगम का विशेष सफाई अभियान आज से

भोपाल। नगर निगम भोपाल द्वारा राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बुधवार से शुक्रवार 30 मई तक समस्त 85 वार्डों में ''विशेष सफाई अभियान'' चलाया जायेगा। अभियान के तहत किये जाने वाले साफ-सफाई संबंधी कार्यों को व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु निगम प्रशासन ने कार्यक्रम निर्धारित किया है और इस कार्यक्रम अनुसार ही सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने हेतु समस्त प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों, सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं वार्डों में पदस्थ दरोगाओं व सुपरवाइजरों को निर्देशित भी किया गया है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान में हुआ सेक्टर बैठक का आयोजन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड बैरसिया के ग्राम सोनकच्छ में मंगलवार को प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री वरुण आचार्य, जिला समन्वयक श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी द्वारा सेक्टर की नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की समीक्षा कर समितियों को शासन के विभिन्न अभियानों के प्रचार-प्रसार और सक्रियता से गतिविधियां करने के लिए चर्चा की गई। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी ग्रामों में जल चौपाल और श्रमदान के कार्यक्रम के अतिरिक्त आगामी समय में नर्सरी निर्माण और पौधारोपण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक के पश्चात सभी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हैंडपंप के पास सोखता गढ्ढे के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री मुकेश गौर, नवांकुर संस्थाओं एवं प्रसफुटन समितियों के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में दिव्यांग महिला को प्रदान की ट्राई साईकिल

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 132 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में म. न.- 307 प्रीत नगर कॉलोनी, भोपाल से दिव्यांग श्रीमति ओमवती पत्नी स्व.श्री अर्जुन सिंह को कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## पंचशील मंडल की तिरंगा यात्रा में शामिल रहे सबनानी

**भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पंचशील मंडल ने भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी पंचशील मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंचशील मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रियेश उपाध्याय ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरुआत पत्रकार कॉलोनी से होकर पंचशील नगर नर्मदा भवन सरस्वती शिशु मंदिर पांच नंबर ऋषि नगर चार इमली कोलार तिराहे से होकर चुना भट्टी काली मंदिर पहुंची, चुना भट्टी चौराहे पर भारत माता की आरती की गई, और दीपों से पूरे चौराहे को सजाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश जोशी चंद्रभान आयुष खंडेलवाल विजेंद्र राजपूत नंदू सन्नासे राधेश्याम प्रजापति उमेश यादव राकेश मालवीय के साथ ही लगभग 500 बाईकों कार्यकर्ता रैली में उपस्थित रहे।



# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही करने पर की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाही: कलेक्टर

**भोपाल।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भोपाल जिले के अंतर्गत संचालित स्कूल संचालकों की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था एवं बच्चों की बसों के संबंध में यातायात पुलिस के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी हैं कि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बच्चें देश का भविष्य है। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा बच्चों की सुरक्षा के साथ अवांछनीय व्यवहार करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। विगत दिवस हुई घटना में भी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि नए सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल संचालक स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी नियुक्त कर सभी बच्चों के ट्रांसपोर्ट, वाहनों का फिटनेस, ड्रायवर का स्क्रीनिंग एवं ओरिएटेंशन प्रोग्राम कराकर संयुक्त सार्टिफिकेट देंगे। इसके साथ ही सभी बसों में सुरक्षा की दृष्टिगत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के बच्चों के स्कूल ट्रांसपोटेशन के संबंध में दिए गए निर्देश एवं सीबीएसई नॉर्म्स का पालन करेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर पुलिस एवं प्रशासन स्कूल वाहनों के चालक - परिचालकों की स्क्रीनिंग प्रोग्राम के माध्यम से गाइड लाइन के संबंध में जानकारी देंगे। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक श्री संजीव सिंह द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से स्कूल वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं सुरक्षा नोम्स की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक, नशा करने वाले चालक- परिचालकों नौकरी पर न रखे, सभी स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड गर्वनर के साथ जीपीएस सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, इमर्जेंसी विंडो, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था के साथ हॉरिजोन्टल ग्रिल (आडी पटिट्यां) अनिवार्य रूप से लगवाएं। बसों में समय-समय पर बच्चों की सुरक्षा दृष्टिगत माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षक स्वयं यात्रा कर बसों की सुरक्षा मापदंडों को जांचें। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि सभी चालक - परिचालक यातायात नियमों का पालन करें।




# अपना दल एस मध्य प्रदेश का चिंतन शिविर संपन्न

**भोपाल।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश का चिंतन शिविर रविवार, 18 मई को भोपाल में आयोजित हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संगठन की मजबूती, आगामी गतिविधियों और सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु रणनीतिक चर्चाएं हुईं। शिविर में प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव श्री आर. बी. सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल मुख्य रूप से शामिल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने की। चिंतन शिविर में मध्य प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने, सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। यह शिविर न केवल रणनीति निर्माण का मंच रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और दिशा-निर्देश प्राप्त करने का अवसर भी साबित हुआ। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव, श्री आर. बी. सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा, मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की जड़ें मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। मैं यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अनुप्रिया पटेल जी का एक सिपाही बनकर आया हूं और एक सेनानायक बनाने आया हूं। हमारी नीतियां सामाजिक न्याय, महिला व युवा सशक्तिकरण पर आधारित हैं। यह चिंतन शिविर न केवल संगठन को नई दिशा देगा, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा। हम यहां बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा, मध्य प्रदेश में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में युवा शक्ति की भूमिका अहम है।

## जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू एलमंड्स: बादाम की श्रेणी में नया इनोवेशन

भोपाल। पिछले कुछ सालों में लोग अपने आहार को लेकर काफी सावधान हो गए हैं। बदलती जीवनशैली और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों के बीच बादाम की श्रेणी में भी इनोवेशन हो रहा है। नए लॉन्च किए गए बोर्जेस जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स की लोकप्रियता ग्राहकों के बीच बढ़ रही है क्योंकि ये स्नैक्स का एक माइंडफुल विकल्प हैं। बोर्जेस जीरो पेस्टिसाईड रेज़िड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स में पेस्टिसाईड के अवशेष प्रति किलोग्राम 0.01 मिलीग्राम से कम या 0.01 पीपीएम हैं, जो एक स्वतंत्र यूरोपियन लैब द्वारा प्रमाणित मानक है। ग्राहक इसकी पुष्टि पैक पर दिए गए एक क्यूआर कोड को स्कैन करके कर सकते हैं। बैच नंबर डालने पर उन्हें सर्टिफिकेट मिल जाता है। बोर्जेस इंडिया ने भारत में ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए जैडपीआर एलमंड्स बाजार में उतारे हैं। स्वच्छ और पोषक आहार की बढ़ती मांग के साथ बोर्जेस जैडपीआर एलमंड्स भारत में स्नैक का अद्वितीय विकल्प प्रदान करके इस मांग को पूरा कर सकते हैं। ये बादाम स्पेनिश ओरिजिन के है और अपनी नेचुरल मिठास के लिए विख्यात है। साथ ही ये बादाम हल्के भुने हुए और कुरकुरे हैं और इनका स्वाद बहुत ही अच्छा है। बोर्जेस ऐसे उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो ग्राहकों के लिए उपयोगी हों, ऐसे उत्पाद, जो क्वालिटी, स्वास्थ्य और सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देते हों।

# एमपी को एक और डबल डेकर ब्रिज की सौगात जल्द, पहले ब्रिज का 65 फीसदी काम पूरा



**इंदौर।** कनाड़िया चौराहे पर जल्द ही अब डबल डेकर ओवर ब्रिज का काम शुरू होगा, जिसको लेकर इंदौर विकास प्राधिकरण ने डीपीआर तैयार करा ली है। अब जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा ताकि शहर को एक और नई सौगात दी जा सके। यह इंदौर का दूसरा डबल डेकर ओवरब्रिज होगा, क्योंकि लवकुश चौराहे का काम तेज गति से चल रहा है। 2026 की शुरुआत में इसका लोकार्पण कराने की योजना है। शहर की सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक की हो गई है। संकरी सड़क और चौराहों पर रोज जाम लगता है। ऐसे में ओवर ब्रिज के विकल्प पर काम हो रहा है। आइडीए ने कुछ महीनों पहले शहर को फूटी कोठी, भंवरकुआं, खजराना और लवकुश चौराहे पर विजय नगर से सुपर कॉरिडोर की तरफ जाने वाले ओवरब्रिज की सौगात दी। आइडीए ने बजट में कनाड़िया चौराहे पर डबल डेकर ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा था।

आइडीए सीईओ आरपी अहिरवार ने बताया कि ब्रिज को लेकर इंजीनियरिंग टीम ने मेजरमेंट कर डीपीआर तैयार कर ली है। यह ब्रिज कनाड़िया बायपास के ऊपर बनेगा जो मोर्या हिल्स के पास से शुरू होकर कनाड़िया थाने के आगे उतरेगा। अनुमानित लागत 175 करोड़ रुपए आंकी गई है। ब्रिज टीपीएस 5 व 9 के लिए भी अहम होगा।

इंदौर ही नहीं, मध्यप्रदेश का पहला डबल डेकर ओवरब्रिज लवकुश चौराहे पर बन रहा है, जिसके काम ने गति पकड़ रखी है। लवकुश चौराहे पर बीच सेंटर में मेट्रो ट्रेन तो आसपास विजय नगर से सुपर कॉरिडोर की ओर आने-जाने वाले ब्रिज हैं। इनके ऊपर उज्जैन-इंदौर रोड का ब्रिज बन रहा है, जिसमें अब आधुनिक तरीके से ब्रो स्ट्रिंग गर्डर लगाई जानी है। इसके पास वाले हिस्से में 32 स्टील की गर्डर लगना है, जिसमें से 8 लांच हो चुकी हैं। मरीमाता के हिस्से में ब्रिज ने आकार ले लिया है, जिसमें दो पिलरों के बीच 13 सेगमेंट लगाई जा रही है। कुल ब्रिज में 247 सेगमेंट लगाई जानी हैं, जिसमें से 148 को लांच कर दिया गया। देखा जाए तो 65 फीसदी काम पूरा हो गया है। वैसे तो टेंडर के हिसाब से अगस्त 2025 तक ठेकेदार कंपनी को काम पूरा करना था, लेकिन तकनीकी दिक्कत होने से दिसंबर तक होगा। जनवरी में लोकार्पण की योजना है।

## नाबालिग सहित दो ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल ।** सोमवार को चाय बेचने वाले के 14 साल के नाबालिक देव व शोरूम में कार्य करने वाली 20 वर्षीय मधु ने फांसी लगा अपनी जान दे दी। थाना हनुमानगंज में पदस्थ मामले की जांच कर रहे ए एस आई शिवलाल वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार देव यादव उम्र बालकिशन यादव निवासी सिलावटपूरा भोपाल ने सोमवार दोपहर अपने घर मे फांसी लगा जान दे दी। नाबालिक मृतक के पिता चाय बेचने का काम करते है। जो काम पर गए हुए थे। घटना के वक़्त मृतक बालक की माँ और बहन घर पर थे। मृतक 10 वी छात्र बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक को उसकी माँ द्वारा यहां वहां जाने से रोक डांट फटकार लगाई गई थी। इससे वह नाराज था। उसने सोमवार दोपहर घर के कमरे में अंदर से कुंडी लगा अपनी जान दे दी। माँ के कई बार आवाज़ देने पर भी वह नही बोला। जब पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ मां अंदर पहुंची तो बालक फांसी पर लटका हुआ था। घटना की सूचना पड़ोसी राम प्रसाद यादव द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं थाना अशोका गार्डन अंतर्गत मधु साहू पिता राम चरण साहू उम्र 20 वर्ष निवासी प्रियंका स्कूल के पास अशोका गार्डन भोपाल द्वारा अपने घर पर सोमवार शाम फांसी लगा जान दे दी। उसकी परिजन तत्काल उसे फांसी के फंदे से उतर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अशोक गार्डन हेमंत श्रीवास्तव से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका मधु साहू एक शोरूम में काम करती थी। पुलिस ने हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर की सूचना पर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## नाली में गोबर बहाने पर 5000 रुपए का जुर्माना

भोपाल । नगर निगम भोपाल के जोन क्रमांक 17 के वार्ड 75 स्थित करोंद पलासी में नाली में गोबर बहाने पर 5000 रुपये का जुर्माना। जानकारी के अनुसार पलासी रोड स्थित भैंसों की डेरी अकील नामक व्यक्ति द्वारा संचालित हो रही है। उसके द्वारा नाली में गोबर बहाया जा रहा था। इससे नालियों वह जम रहा था और पानी का बहाव ठीक ढंग से नही हो पा रहा था। मौके पर नगर निगम स्वास्थ विभाग के ए एच ओ राम रतन लोहिया, वार्ड दरोगा सहित सुपरवाइजर प्रेम सिंह पप्पू ठाकुर पहुँच। उक्त नाली में गोबर डालने वाले पर 5000 रुपए का जुर्माना किया गया।

# अमानक स्तर का कार्य करने वाले ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लैक लिस्ट

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अमानक स्तर का विद्युतीय निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि कंपनी कार्य क्षेत्र में उपभोक्ता हित की योजनाओं के अंतर्गत विद्युतीय एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा नियम एवं शर्तों के अनुसार यदि कोई कमी पाई जाती है तो कार्य करने वाली एजेंसी और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु कंपनी द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। यदि स्क्रीनिंग कमेटी ठेकेदार अथवा एजेंसी को दोषी मानती है तो कंपनी ऐसे ठेकेदारो/ एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (संचा.-संधा./ शहर) द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करके ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में अनियमितता की जांच की जाएगी। जांच में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर तुरंत 7 दिवस में गुणवत्ता सुधार का नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद भी संबंधित ठेकेदार की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई कर क्षेत्र स्तरीय कमेटी द्वारा ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी। महाप्रबंधक (संचा.-संधा./ शहर) द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी में 2 उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी तथा एक प्रबंधक स्तर का अधिकारी सदस्य होगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों में प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना, पूर्ण जमा योजना, सुपरविजन चार्ज योजना, सामान्य विकास योजना, पीव्हीटीजी, डीएजेजीयूए व अन्य योजना के ठेकेदारों के कार्य कमेटी के जांच के दायरे में आएंगे।

# प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में बनेंगे 10 लाख मकान

**भोपाल।** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 सबके लिये आवास मिशन शुरू किया जा चुका है। यह मिशन वर्ष 2029 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये क्रियान्वित किया जायेगा। देश भर में एक करोड़ और मध्यप्रदेश में 10 लाख नवीन आवासों के निर्माण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य सभी पात्र शहरी गरीब एवं आवासहीन परिवारों को सुरक्षित स्थायी और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 (पीएमएवाई) में अब तक 8 लाख 50 हजार आवासों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर अब तक 22 हजार 975 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाई-यू-2.0 के लक्ष्य को समय-सीमा में हासिल करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में पात्र लाभार्थी को 4 प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये हितग्राही अपने संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार आवास के अभाव में न रहे। पीएमएवाई-यू-2.0 विभिन्न वर्गों के लिये समानता सुनिश्चित करता है, जिसमें कल्याणी, अकेली महिलाएँ, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य कमजोर वंचित वर्गों की आवास आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। इस योजना में विशेष रूप से सफाईकर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेण्डर्स, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गी-बस्तियों और चालों के निवासियों और अन्य पात्र समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी।

# अतिथि शिक्षकों की जानकारी अद्यतन की समय-सारणी जारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए थे। इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी जारी की है। अतिथि शिक्षक एजुकेशन पोर्टल 3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पर नियत समय अवधि पर कार्यवाही करेंगे। अतिथि शिक्षक आवेदकों द्वारा अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता और मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दस्तावेज 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही 23 मई तक ही आवेदक की जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई-केवाईसी अनलॉक कर अपडेट कर सकेंगे। आवेदकों के पंजीयन में दर्ज जानकारी कर संकुल प्राचार्य द्वारा सत्यापन का कार्य 24 मई को किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत आवेदन में दर्ज मोबाईल नम्बर बंद हो जाने की स्थिति में मोबाईल नम्बर परिवर्तित करने का कार्य बीईओ और डीईओ के माध्यम से 23 मई को ही किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों के संबंध में सामान्य निर्देश भी दिये गये है। जिन आवेदकों द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं उसके उपरांत उत्तीर्ण की है। ऐसे आवेदकों द्वारा दिव्यांग केटैगिरी का चयन (विकल्प) को दर्ज किया गया है। उनके जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थायी प्रमाण-पत्र जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक म.प्र. के किसी भी जिले के संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे। आवेदकों को सत्र 2025-26 के लिये नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के लिये दस्तावेज अपलोड एवं आवश्यक संशोधन के लिये अंतिम अवसर दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गये है कि उनके जिले के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्य आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही नियत समय पर करें। संकुल प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत होने वाले समस्त आवेदकों का संकुल प्राचार्य द्वारा नवीन एजुकेशन पोर्टल पर 3.0 के अंतर्गत अतिथि शिक्षक जीएफएमएस पोर्टल पर आवेदकों की मूल दस्तावेजों के परीक्षण के बाद तत्काल सत्यापन की कार्यवाही की जाएं।

# केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक अधिकारियों द्वारा 400 केवी सब स्टेशन मंदसौर का निरीक्षण

**भोपाल।** जर्मनी के के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में पूरी की गई उन परियोजनाओं का निरीक्षण किया, जिन्हें ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-1 योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया था। जर्मनी से आए बैंक के तकनीकी अधिकारी श्री वाल्टर क्लोट्ज ने इस परियोजना के अंतर्गत निर्मित मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने एमपी ट्रांसको द्वारा कराए गए कार्यों की उच्च गुणवत्ता और उत्कृष्ट तकनीकी तरीकों की सराहना की। जर्मन प्रतिनिधि श्री वाल्टर क्लोट्ज ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित कार्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किए गए हैं और अब इनका संचालन एवं संधारण एमपी ट्रांसको की कुशल टीम द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा है। श्री क्लोट्ज ने सब स्टेशन के रखरखाव, स्काडा सिस्टम के माध्यम से डेटा मॉनिटरिंग, जैसे कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उन्हें अत्यंत उत्कृष्ट बताया। उन्होंने स्वयं भी परिसर में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान के.एफ.डब्ल्यू. बैंक के भारतीय प्रतिनिधि श्री रमन रेड्डी, एमपी ट्रांसको के श्री वाय.आर. मांडलेकर, श्री मनीष महावर, श्री पंकज कुमार राय एवं श्री राजेश भूरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताः मंत्री पटेल

### माही नदी के उद्गम स्थल मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल धार जिले के ग्राम मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्राचीनकाल से जल संरचनाओं का धनी रहा है और इसे नदियों का मायका कहा जाता है। यहां से निकलने वाली नदियाँ देश के बड़े भूभाग को जीवन देती हैं, इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से ठोस प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हम पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षित करेंगे, तभी जल स्रोतों को भी जीवित रख सकेंगे। उन्होंने प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल संचयन की पद्धतियों को अपनाने और स्थानीय जल निकायों की स्वच्छता व देखरेख के लिए जनभागीदारी को ज़रूरी बताया। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना होगा, तभी इसका वास्तविक लाभ मिल सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल स्थित माही माता मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंग मेड़ा,सरदारपुर विधायक श्री प्रताप ग्रेवाल, सीईओ श्री अभिषेक चौधरी प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागिता का संकल्प लिया।

# 10वीं-12वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा देने वाले छात्रों का नहीं बदलेगा बोर्ड, आवेदन का आज आखिरी दिन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एमपी बोर्ड से 10वीं 12वीं की परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष सरकार की तरफ से काफी राहत दी गई है। परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को दूसरा मौका दिया जा रहा है। खास बात यह है कि इस बार दूसरी परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का बोर्ड नहीं बदला जाएगा। अभी तक बोर्ड की दूसरी परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को रुक जाना नहीं योजना के तहत ओपन बोर्ड की मार्कशीट दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष एमपी बोर्ड की मार्कशीट मिलेगी। जिससे यह साबित नहीं हो पाएगा कि विद्यार्थी कि परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है। मंडल ने दोनों कक्षाओं की दूसरी परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थी 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक दूसरी परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए 21 मई कल तक परीक्षा फार्म भरे जा सकते हैं। मुख्य परीक्षा में असफल रहे विद्यार्थियों का साल खराब न हो, इस उद्देश्य से मंडल ने इसी साल से दूसरी परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक डिजिटाइज्ड परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। इसमें वे विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे, मुख्य परीक्षा में जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। प्रदेश में अब हर वर्ष 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी। पहली फरवरी-मार्च में और दूसरी जुलाई-अगस्त में। स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल विनियम 1965 में संशोधन कर यह व्यवस्था लागू कर दी। जो छात्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की पहली परीक्षा में फेल हो गए, अनुपस्थित रहे या अपना स्कोर बेहतर करना चाहते हैं, वे दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। इन दोनों परीक्षाओं के नंबर्स के आधार पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाएगा। एमपी बोर्ड के इस फैसले से पहले तक केवल ऐसे स्टूडेंट्स को सप्लीमेंट्री एग्जाम में शामिल होने का मौका मिलता था, जो एक विषय में फेल होते थे। इससे अधिक विषय में फेल छात्र-छात्राओं को ÷रुक जाना नहीं÷ योजना के तहत मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के जरिए परीक्षा देना पड़ती थी।रुक जाना नहीं योजना ÷ के तहत एमपी बोर्ड के कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में फेल छात्र दोबारा परीक्षा देकर अपनी शिक्षा जारी रख सकते हैं। परीक्षाएं साल में दो बार जून और दिसंबर में आयोजित होती हैं।

हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) की द्वितीय परीक्षा -17 जून से 26 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी।जबकि हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) की द्वितीय परीक्षा- 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक आयोजित होगी।

# मध्यप्रदेश में पारेषण हानि अब तक के न्यूनतम स्तर परः ऊर्जा मंत्री तोमर

**विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य 2.77 प्रतिशत के मुकाबले हासिल किया 2.60 प्रतिशत पारेषण हानि**

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारेषण हानि (ट्रांसमिशन लॉस) को ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर तक लाने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्युत कर्मियों की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी, उन्नत प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी उपायों के समन्वय से संभव हो सकी है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2.77 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में पारेषण हानि को घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाया गया है। यह राज्य की विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पिछले दो वर्षों की तुलना में भी उल्लेखनीय सुधार है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पारेषण हानि 2.61 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2024-25 में इसमें 0.01 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई है।

### पारेषण हानि में कमी के लाभ

किसी भी ट्रांसमिशन प्रणाली में पारेषण हानि के न्यूनतम स्तर पर होने से न केवल पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है, बल्कि विद्युत उत्पादन की लागत भी घटती है। इसके अतिरिक्त, यह वोल्टेज स्तर समेत अन्य तकनीकी मानकों को स्थिर रखने में भी सहायता करता है। इससे समग्र बिजली प्रणाली अधिक विश्वसनीय बनती है।

### विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता होगी बेहतर

एम.पी. ट्रांसको द्वारा किए गए नवाचारों, स्कॉडा प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकी विधियों, विद्युत ग्रिडों की निरंतर निगरानी और समय-समय पर किए गए रख-रखाव के चलते यह सफलता संभव हो सकी है। कंपनी विद्युत नेटवर्क के आधुनिकीकरण और क्षमतावर्धन की दिशा में लगातार प्रयासरत है। यह सफलता न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# एक वर्ष में स्टार्ट-अप में 30 और महिला स्टार्ट-अप में 34 प्रतिशत की वृद्धि, नई स्टार्टअप नीति हुई लागू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। स्टार्ट-अप्स की संख्या, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में वृद्धि और राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने वाली विभिन्न पहलों के चलते पिछला वर्ष अत्यंत सफल रहा है।

पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स की संख्या 4012 से बढ़कर 5230 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्ट-अप्स में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुँच गई हैं। इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि महिला उद्यमिता को विशेष बल दिया जा रहा है। आज प्रदेश में स्टार्ट-अप्स की संख्या 5300 से अधिक हो चुकी है।

गत एक वर्ष में राज्य सरकार ने स्टार्ट-अप्स के लिए फंडिंग सुनिश्चित करने हेतु अनुमोदित वैकल्पिक निवेश निधियों से साझेदारी की।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई ÷मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं क्रियान्वयन योजना 2025÷ का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 2500 से अधिक स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया और ÷फ्यूचर फ्रंटियर्स÷ स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन÷ में 20 स्टार्ट-अप्स को निवेशकों के समक्ष पिच करने का मौका मिला, जिसमें से 19 को निवेशकों द्वारा रुचि पत्र प्राप्त हुए।

महिला उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिये 13 अगस्त 2024 को ÷प्रदेश महिला उद्यमी सम्मेलन÷ का हुआ। जिसमें 40 से अधिक महिला स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया। कृषि क्षेत्र के लिए [illegible]फंड के माध्यम से फंडिंग की सुविधा दी गई और कृषि आधारित स्टार्ट-अप्स को विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिला।

मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने पूरे वर्ष में 50 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा आयोजन किया, जिनमें 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक संगठनों, सरकारी विभागों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों तक की सहभागिता शामिल रही। साथ ही, प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रीज़ कोंक्लेव तथा [illegible]योजना जैसी पहलों के माध्यम से स्टार्ट-अप्स को जागरूक किया गया।

नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित स्टार्ट-अप क्लीनिक, स्टार्ट-अप मार्गदर्शन सत्र और नक्यूबेटर आउटरीच वर्कशॉप÷ जैसे आयोजनों से प्रदेश में स्टार्ट-अप संस्कृति को मजबूत आधार मिला है। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने राज्य में नवाचार और उद्यमिता का वातावरण तैयार किया है साथ ही निवेश, जागरूकता और सहभागिता के नए आयाम भी स्थापित किए हैं।

# मंत्री शाह के जांच के लिए गठित एसआईटी पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उठाए सवाल

**भोपाल।** मंत्री विजय शाह के द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्यप्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने टीम के अधिकारियों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफला के बाद देश में विवादित बयान को लेकर जंग छिड़ी हुई है। कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्यप्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की है। एसआईटी टीम में सागर रेंज के आईजी प्रमोद वर्मा को मुखिया बनाया गया है। वर्मा के अलावा एक महिला और एक पुरुष आईपीएस को इस टीम में शामिल किया गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एसआईटी में शामिल दो अफसरों पर सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर लिखा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ सरकार ने जो तीन सदस्यीय स्ढ्ञ गठित की है, उसकी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।सिंघार ने आगे लिखा कि सूत्रों से पता चला है। स्ढ्ञ में शामिल ढ्ढत्र प्रमोद वर्मा 2010 में स्क्खरगोन थे। उसी वक्त विजय शाह जिले के प्रभारी मंत्री थे। डी कल्याण चक्रवर्ती 2018 में स्क्खरगोन थे। उस समय विजय शाह वन मंत्री थे। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा कि सरकार पर सवाल उठते हैं, क्या सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट देने के नाम पर सरकार आंख मिचौली खेल रही है? या फिर स्ढ्ञ की निष्पक्षता सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है?

**प्रदेश में जल संवर्धन अभियान में जनता और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी**

# नदी, तालाबों और चेकडेम की सफाई के साथ बोरी-बंधान के काम भी

**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण और साफ-सफाई के कार्य में निरंतर तेजी आती जा रही है। अभियान में जन-भागीदारी और प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से मिलकर भागीदारी कर रहा है। नदी, तालाबों और चेकडेम की सफाई के साथ बोरी-बंधान के कार्य भी किये जा रहे हैं।

शहडोल जिले के मुड़ना नदी में ग्राम जोधपुर में स्टाप डैम में बोरी बंधान से नदी का जल क्षेत्र 12 घंटे के अंदर हुआ लबालब। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाह और जन सामान्य ने गांव में पहुंचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार के लिये पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

श्योपुर जिले में कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव में लोगों को नलो में टोटियां लगाकर जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत छीताखेडली में नल कनेक्शन में टोटी लगाकर पानी व्यर्थ न फैलाने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया। ऐसे नल जिनमें टोटियां नही लगी थी, उनमें टोटियां लगाई गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में नगर निगम देवास द्वारा मीठा तालाब की सफाई की गई। नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा देवास के राजोदा स्थित मीठा तालाब की साफ-सफाई की गई तथा तालाब सौंदर्यीकरण भी किया गया। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा आलोट पायगा स्कूल के कुएं की साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों से जिले में बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा। उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरुप जिले में जल गंगा



जल संवर्धन अभियान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। गौरतलब है की जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी एवं विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित प्राचीन जल के स्रोत- बावड़ी, कुए और कुंड की साफ-सफाई कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी क्रम में तराना जनपद की ग्राम पंचायत कायथा में स्थित प्राचीन बावड़ी का भी अभियान के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है।इस बावड़ी का निर्माण देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा लगभग 300 वर्ष पूर्व कराया गया था। इस निर्माण में किसी भी प्रकार के चूना, सीमेंट और केमीकल का उपयोग नहीं किया गया था। बावड़ी निर्माण में पत्थरों की जमावट विशिष्ट तरीके से कि गई जिससे बावड़ी अपने मूल स्वरूप में आज भी सुरक्षित है। बावड़ी प्राचीन होने के बावजूद भी अपने वर्तमान स्वरूप में अच्छी स्थिति में है। प्राचीन समय में बावड़ी में उपलब्ध पानी का उपयोग पेयजल के लिए किया जाता था साथ ही बावड़ी के समीप ग्रामीणजन पूजा भी करते है। कायथा बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिये 50 हज़ार रुपए की लागत से गाद निकालने और मुण्डेर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मंदसौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावड़ी सार्वजनिक कुंआ की स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में नगर परिषद मल्हारगढ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-2 में ईदगाह मार्ग पर पेयजल पाईप लाईन दुरुस्ती और शिप्टिंग का कार्य किया गया।

छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, संरक्षण और जल संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा। कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गौरिहार के ग्राम ठकुर्रा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैल नदी में साफ-सफाई एवं शपथ का आयोजन किया गया। मंडला जिले में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने विकासखंड घुघरी के ग्राम पंचायत डोंगर मंडला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे विभिन्न जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने निर्माणाधीन खेत तालाब, डग वेल रिचार्ज और कूप मरम्मत कार्यों को देखा। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के कार्यों में सामुहिक श्रमदान की अपील की।

## नजरिया

# आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना भारत का लक्ष्य

मकसद है कि आतंकवाद पर पाकिस्तान को बिल्कुल बेनकाब किया जाए। भारत बीते 35-37 सालों से पाकपरस्त आतंकवाद से पीड़ित है। हजारों मासूमों और बेगुनाहों की हत्याएं की जा चुकी हैं। कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन और विस्थापित होना आतंकवाद का सबसे अमानवीय उदाहरण है। मौजूदा परिदृश्य में भारत शेष विश्व को ब्रीफ करना चाहता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों करना पड़ा? पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों और उनके महलनुमा अड्डों पर भारत को विस्फोटक प्रहार क्यों करने पड़े? आतंकियों के ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' कैसे किया गया? भारत सरकार की आदर्श विदेश नीति क्या है? भारत आज भी युद्ध के पक्ष में नहीं है, लेकिन आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना उसका लक्ष्य है। इन सवालों और स्पष्टीकरण के साथ भारत के 40 सांसदों के 7 प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजना तय किया गया है। यह भारत की कूटनीति का एक सफल प्रयास हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत लंबी और बहुआयामी है। आतंकवाद से अमरीका, यूरोप, अरब देश, शेष विश्व भी छिला पड़ा है, जख्मी है, डरा हुआ है। जो संसदीय मंडल भेजे जा रहे हैं, वे आतंकवाद पर राष्ट्रीय नीति और भारत की एकता, अखंडता, विविधता के प्रतीक हैं। हमारे सांसद भारत की आवाज हैं, भारत के प्रवक्ता हैं। वे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को नंगा करेंगे और सवाल भी करेंगे कि 'आतंकिस्तान' पाकिस्तान को बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का 'बेल आउट कर्ज' क्यों मिलता रहा है? विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक को भी सचेत हो जाना चाहिए। शायद अंतरराष्ट्रीय संस्थान को पाकिस्तान के यथार्थ की सम्यक जानकारी नहीं है या वैश्विक राजनीति आड़े आती है। अंतत-पाकिस्तान कर्ज का पैसा आतंकियों के पुनर्वास और हथियारों पर खर्च करता रहा है। जिन आतंकियों को बिल्कुल मिट्टी में मिला दिया गया है, उनके लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने 1 करोड़ रुपए प्रति आतंकी, उनके परिजनों को देने का ऐलान किया है। चूंकि जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के खानदान में 14 मौतें हुई हैं, लिहाजा उसे 14 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस पैसे का इस्तेमाल क्या होगा? बहरहाल हमारे मकसद पर भी सवालिया निशान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल अमरीका भेजना सरकार ने तय किया है। कांग्रेस की इस पर सियासी आपत्ति है।

ऐसे संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजना भारत सरकार का विशेषाधिकार है। 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तब के नेता प्रतिपक्ष अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दल संयुक्त राष्ट्र में भेजा था। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद 2008 में ऐसा ही प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। वे भारत की चिंताओं और सरोकार के सवाल थे। राजनीतिक दलों की परिधियां गायब कर दी गई थीं। इस बार भी यही किया गया है। जनता दल-यू, द्रमुक, एनसीपी (पवार) और शिवसेना के सांसदों को भी दल के नेतृत्व सौंपे गए हैं। कांग्रेस के तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार भी प्रतिनिधि बनाया गया है, हालांकि वह सांसद नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरतवादी सियासत को देश जानता है। थरूर करीब तीन दशकों तक संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत रहे हैं। वह वहां अंडर जनरल सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

## गरमागरम चाय की चुस्की के साथ अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस की शुभकामनाएं..

# अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस - भारतीय संस्कृति में चाय आतिथ्य का एक महत्व पूर्ण हिस्सा




– योग गुरु महेश अग्रवाल



आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रो? भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि भारतीय संस्कृति में चाय का महत्व बहुत अधिक है। चाय न केवल एक लोकप्रिय पेय है, बल्कि यह भारतीय जीवनशैली का एक अभिन्न अंग भी है। भारत में चाय आतिथ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब मेहमान घर आते हैं, तो उन्हें चाय पेश करना एक आम परंपरा है। चाय भारतीय समाज में सामाजिक बंधनों को मजबूत करने में मदद करती है। लोग चाय की दुकानों पर या घरों में एकत्रित होकर चाय पीते हैं और बातचीत करते हैं। चाय कार्यालयीन जीवन में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोग अक्सर चाय के ब्रेक के दौरान एक दूसरे से बातचीत करते हैं और अपने काम के बारे में चर्चा करते हैं। चाय भारतीय त्योहारों और समारोहों में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोग अक्सर त्योहारों के दौरान चाय का आनंद लेते हैं और इसे अपने प्रियजनों के साथ बांटते हैं।

योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि चाय एक लोकप्रिय पेय है जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसके औषधीय गुण भी हैं। चाय में विभिन्न प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकते हैं। चाय में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं। चाय पीने से हृदय रोगों का खतरा कम हो सकता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फ्लेवोनोइड्स होते हैं जो रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि चाय पीने से कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा कम हो सकता है, जैसे कि प्रोस्टेट, ब्रेस्ट और कोलन कैंसर। चाय पीने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है, क्योंकि इसमें कैटेचिन्स होते हैं जो चयापचय दर को बढ़ाते हैं। चाय पीने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है, क्योंकि इसमें एल-थेनाइन होता है जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। चाय पीने से पाचन तंत्र में सुधार हो सकता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फ्लेवोनोइड्स होते हैं जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

भारत में चाय की विविधता बहुत अधिक है। ग्रीन टी में अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकते हैं। ब्लैक टी में अधिक कैफीन होता है जो ऊर्जा और सतर्कता बढ़ाने में मदद कर सकता है। हर्बल टी में विभिन्न प्रकार के जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकते हैं। असोम चाय भारत की सबसे प्रसिद्ध चाय है, जो असम राज्य में उगाई जाती है। दार्जिलिंग चाय पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में उगाई जाती है और अपनी विशिष्ट सुगंध और स्वाद के लिए जानी जाती है। निलगिरि चाय तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में उगाई जाती है और अपनी मजबूत और ताज़ा सुगंध के लिए जानी जाती है।




योग गुरु अग्रवाल नें बताया की हर साल 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। चाय उद्योग भारत में रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। लाखों लोग चाय की खेती, प्रसंस्करण, और बिक्री में शामिल हैं। चाय भारत के लिए एक महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा अर्जक भी है। भारत दुनिया में चाय का एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक है।

चाय न केवल एक लोकप्रिय पेय है, बल्कि इसमें अध्यात्म और धर्म से जुड़े गहरे अर्थ भी हैं। कई संस्कृतियों में, चाय को ध्यान, शांति और आध्यात्मिक जागृति के साधन के रूप में देखा जाता है। यह अनुष्ठानों, समारोहों और धार्मिक प्रथाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बौद्ध धर्म में, चाय को ध्यान प्रक्रिया में सहायता करने के लिए उपयोग किया जाता है। चाय की तैयारी और सेवन एक ध्यान प्रक्रिया है जो मन को शांत करती है और एकाग्रता में सुधार करती है। चाय को मन को शांत करने और तनाव को कम करने के लिए भी जाना जाता है। यह लोगों को वर्तमान में रहने और तनाव से मुक्ति पाने में मदद कर सकता है। चाय पीने की प्रक्रिया में ध्यान और संवेदनशीलता शामिल होती है, जो आत्म जागरूकता को बढ़ावा देती है और व्यक्ति को अपने भीतर की शांति और दिव्यता का अनुभव करने में मदद करती है। चीन में चाय को आध्यात्मिक और ध्यान संबंधी प्रथाओं से जोड़ा जाता है, और इसे अक्सर धार्मिक समारोहों के दौरान परोसा जाता है। जापानी चाय समारोह ÷चानोयु÷ एक आध्यात्मिक और सौंदर्य अनुष्ठान है जो आत्म-परिष्कार और शांति को बढ़ावा देता है। कुछ धर्मों में, चाय को औषधीय गुणों के लिए भी सम्मानित किया जाता है। पारंपरिक चीनी चिकित्सा में, चाय का उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है.

चाय एक स्वस्थ पेय है जो विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकती है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि चाय के लाभ व्यक्तिगत रूप से भिन्न हो सकते हैं और अधिक शोध की आवश्यकता हो सकती है। इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। चाय में कैफीन होता है, जो अधिक मात्रा में सेवन करने पर नींद की कमी, चिंता, और हृदय गति में वृद्धि का कारण बन सकता है। चाय पीने से एसिडिटी और पाचन समस्याएं हो सकती हैं, खासकर यदि आप अधिक मात्रा में चाय पीते हैं। चाय पीने से दांतों का रंग बदल सकता है, खासकर यदि आप नियमित रूप से चाय पीते हैं। चाय पीने से आयरन की कमी हो सकती है, खासकर यदि आप आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ नहीं खाते हैं। गर्भावस्था के दौरान अधिक चाय पीने से समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। चाय पीने से अनिद्रा हो सकती है, खासकर यदि आप रात के समय चाय पीते हैं। चाय की अधिकता से निर्भरता हो सकती है, खासकर यदि आप नियमित रूप से चाय पीते हैं।

चाय के नुकसान से बचने के तरीके - चाय की मात्रा का ध्यान रखें और अधिक मात्रा में न पिएं। चाय का प्रकार चुनें जो आपके लिए उपयुक्त हो, जैसे कि ग्रीन टी या हर्बल टी। चाय पीने का समय ध्यान रखें और रात के समय चाय न पिएं। स्वस्थ आहार लें और आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। नियमित जांच करवाएं और अपने स्वास्थ्य की निगरानी करें।

चाय एक स्वस्थ पेय हो सकती है यदि आप इसका सेवन सीमित मात्रा में करते हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं।

# भारत में कैसे हुई थी चाय की शुरुआत, जानें चाय की कहानी



**कौशिकी**



चाय भारत में सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं, बल्कि संस्कृति और जीवनशैली का अहम हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर हम चाय के इतिहास, महत्व और व्यापार को याद करते हैं।

चाय हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा है। सुबह उठकर चाय पीना हमारे लिए खास होता है। चाय हमें ताजगी देती है और थकान दूर करती है। जब हम दोस्तों या परिवार के साथ मिलते हैं, तो चाय के साथ बातें करना मजेदार होता है। ये एक ऐसा पेय है जो किसी धर्म, जाति या संस्कृति से बंधा नहीं है।

बिना चाय के दिन पूरा नहीं लगता। इसलिए चाय हमारे जीवन का एक जरूरी और प्यारा हिस्सा है। सुबह की पहली किरण के साथ चाय की प्याली हमें ताजगी और ऊर्जा देती है। चाहे खेत हों या शहर, गांव हों या महानगर, चाय सभी जगह लोगों को जोड़ने का जरिया है। यह सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि बातचीत, दोस्ती और मेलजोल का माध्यम भी है। चाय की खुशबू और स्वाद हमारे दिन को खास बनाते हैं। इसलिए चाय का महत्व हर भारतीय के दिल में गहरा और यूनिवर्सल है। अलग-अलग तरह की चाय जैसे मसाला चाय, इलायची चाय या ईरानी चाय हर रोज की जिंदगी को खास बनाती हैं। आइए आज 21 मई अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर हम चाय से जुड़ी कुछ रोचक बातों को जानते हैं। .

**चाय का वैश्विक इतिहासः** चाय का जन्म चीन में हुआ माना जाता है, जहां हजारों सालों से इसे पिया जाता रहा है। लेकिन भारत में चाय की शुरुआत 19वीं सदी के दौरान ब्रिटिश शासन के समय हुई, जब ब्रिटिश अधिकारियों ने इसे व्यावसायिक खेती के लिए अपनाया।

पहले ब्रिटिश सरकार चीन से चाय इम्पोर्ट पर निर्भर थी, जो महंगा और कठिन था। इसलिए उन्होंने भारत में चाय की खेती बढ़ाने का फैसला किया, खासकर असम क्षेत्र में। असम की जलवायु और मिट्टी चाय की खेती के लिए बहुत उपयुक्त थी।

**असम में चाय की खेती की शुरुआतः** 1823 में रॉबर्ट ब्रूस नामक ब्रिटिश अधिकारी ने असम में चाय के पौधों की खोज की और स्थानीय लोगों से इसकी खेती के बारे में जाना। बाद में 1835 में ब्रिटिश सरकार ने बड़े पैमाने पर असम में चाय बागान लगाने शुरू किए।

इसके बाद दार्जिलिंग और नीलगिरी जैसे क्षेत्रों में भी चाय उत्पादन विकसित हुआ।दूसरे क्षेत्र जैसे दार्जिलिंग और नीलगिरी में भी चाय की खेती विकसित हुई। दार्जिलिंग की चाय को दुनिया में उच्च गुणवत्ता वाली माना जाता है। भारत ने धीरे-धीरे विश्व के प्रमुख चाय प्रोडक्टिव देशों में अपनी पहचान बनाई।

**भारत में चाय की पॉपुलैरिटीः** चाय भारत की संस्कृति और जीवनशैली का भी अभिन्न हिस्सा बन गई। भारतीयों ने इसे अपने स्वाद मुताबिक मसाला चाय, इलायची चाय, अदरक वाली चाय जैसे रूपों में अपनाया।

चाय न केवल ऊर्जा देती है, बल्कि लोगों को एक साथ लाने का जरिया भी बनी। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा चाय उत्पादक और कंस्यूमर देश है। देश की अर्थव्यवस्था में चाय का योगदान भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि लाखों लोगों को इससे रोजगार मिलता है। इसलिए चाय का इतिहास भारत में सिर्फ एक पेय का नहीं, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व का है। यह सुबह की शुरुआत से लेकर शाम तक, हर वक्त लोगों को जोड़े रखने का माध्यम बन गई।

**करोड़ों का है देश में चाय का व्यापारः** हर साल 21 मई को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। भारत में चाय का खास महत्व है और यह देश की सुबहों की शुरुआत का अहम हिस्सा है।

भारत में रोजाना लगभग 13 करोड़ चाय के प्याले बिकते हैं। अगर एक प्याली की औसत कीमत 10 रुपए मानी जाए, तो देश में रोजाना चाय के कारोबार की कुल राशि लगभग 130 करोड़ रुपए होती है।

**चाय की कीमत** : चाय की कीमत 7 से 15 रुपए के बीच होती है। 7 रुपए वाली कट चाय होती है और 15 रुपए में फुल चाय की प्याली मिलती है। चाय बनाने का खर्च लगभग 8 से 10 रुपए आता है, जिससे एक प्याली चाय पर दुकानदार को करीब 5 रुपए की बचत होती है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से खाली पेट चाय पीना नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि इससे एसिडिटी, गैस, जलन और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए चाय पीने से पहले हल्का गर्म पानी या फल खाना बेहतर होता है।

कुछ लोग चाय को बेहतर स्वाद और खुशबू के लिए 10-15 मिनट तक उबालते हैं, जिससे टैनिन और कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जो पाचन तंत्र के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए चाय को हल्की आंच पर और ज्यादा गाढ़ा न बनाना चाहिए।

# तो हो जाए एक कप अदरक इलायची वाली चाय!!



**संजीव शर्मा**

हर साल आज के दिन यानि 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस ) मनाया जाता है, जो न केवल एक पेय की महिमा का उत्सव है, बल्कि इसके पीछे छिपी सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कहानियों का भी सम्मान करता है।

चाय, जिसे भारत में ÷चाय÷ और दुनिया के कई हिस्सों में ÷टी÷ के नाम से जाना जाता है, सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि एक जीवनशैली, परंपरा और आत्मीयता का प्रतीक है। वैसे तो, चाय की कहानी हजारों साल पुरानी है, जो चीन से शुरू होकर विश्व के कोने-कोने तक फैली लेकिन भारत में चाय ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान लोकप्रिय हुई, और आज यह देश की आत्मा का हिस्सा है। असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी की चाय ने विश्व स्तर पर अपनी सुगंध और स्वाद से पहचान बनाई है।

चाय सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम है। भारत में सुबह की चाय परिवार के साथ बातचीत का बहाना है, तो दोस्तों के साथ ÷चाय पर चर्चा÷ विचारों का आदान-प्रदान। चाय उद्योग लाखों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है। भारत, चीन, श्रीलंका, और केन्या जैसे देशों में चाय की खेती और उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। विशेष रूप से भारत में, असम और दार्जिलिंग के चाय बागानों में काम करने वाले श्रमिकों की मेहनत इस उद्योग को जीवंत रखती है।

अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस टिकाऊ खेती, उचित मजदूरी और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को प्रोत्साहित करता है। चाय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी है। ग्रीन टी, ब्लैक टी, और हर्बल टी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो तनाव कम करने, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करते हैं। आयुर्वेद में भी चाय को विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों के साथ मिलाकर उपयोग किया जाता है। हालांकि, चाय का सेवन संतुलित मात्रा में जरूरी है, क्योंकि अधिक चाय पीने से इसमें मौजूद कैफीन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

चाय सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि एक भावना है। यह वह पल है जब आप सुबह की ताजगी में एक घूंट लेते हैं, या शाम की थकान को दोस्तों के साथ चाय की चुस्कियों में भूल जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस हमें इस साधारण पेय के पीछे की असाधारण कहानियों को याद करने का अवसर देता है। यह हमें उन मेहनती हाथों का सम्मान करने का मौका देता है जो चाय की पत्तियों को हमारे कप तक पहुंचाते हैं।

आइए, इस अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर एक कप चाय के साथ नई शुरुआत करें। यह कप न केवल स्वाद से भरा हो, बल्कि परस्पर प्रेम, एकता, और सतत संवाद के संदेश से भी भरा हो। तो, उठाइए अपनी पसंदीदा चाय का कप..चियर्स!!

# रूस-यूक्रेन जंग अब शांति की राह पर, युद्ध विराम के लिए वार्ता करने पर पुतिन ने जताई सहमति



पिछले दिनों यूक्रेन की ओर से शांति वार्ता से पहले युद्ध विराम की पेशकश को रूस ने खारिज कर दिया था। अब डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पुतिन ने शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जता दी है, लेकिन वार्ता की राह आसान नजर नहीं आ रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को रोकने की दिशा में हो रहे प्रयासों के अब सकारात्मक संकेत नजर आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलिफोन पर हुई बातचीत से शांति की राह खुलती नजर आ रही है। इस दौरान पुतिन ने युद्ध विराम के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई है। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली इस बातचीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध विराम पर वार्ता जल्द शुरू करेंगे।

पिछले दिनों यूक्रेन की ओर से शांति वार्ता से पहले युद्ध विराम की पेशकश को रूस ने खारिज कर दिया था। अब डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पुतिन ने शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जता दी है, लेकिन वार्ता की राह आसान नजर नहीं आ रही है। पुतिन पहले ही साफ कर चुके हैं कि स्थायी युद्ध विराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नाटो सदस्यता न देने जैसी शर्तें प्रमुख होंगी। वहीं, यूक्रेन का कहना है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा और रूस को यूक्रेन की कब्जा की गई जमीन वापस करनी होगी।

मुश्किलों से भरी है पूर्ण युद्ध विराम की राह

इन हालात में माना जा रहा है कि निश्चित रूप से पूर्ण युद्ध विराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। एक रपट के मुताबिक, यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा वर्तमान में रूस के कब्जे में है। सवाल है कि क्या रूस यह भू-भाग लौटा देगा? या, यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छो? देगा? विश्व बैंक की एक रपट के अनुसार तीन वर्ष से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 अरब डालर का नुकसान हो चुका है।

इसके अलावा, दोनों देशों में जनहानि अलग से हो रही है। यह सर्वविदित है कि किसी भी समस्या के स्थायी समाधान के लिए शांतिपूर्ण माहौल में बातचीत से बेहतर विकल्प और कुछ नहीं है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि रूस और यूक्रेन शांति वार्ता के लिए कदम आगे ब?एंगे और उसका सुखद नतीजा सामने आएगा।

# ये अब तक छिपे कैसे थे?

**राकेश दुबे**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा देते हैं, इसके साथ यह सवाल स्वभाविक है कि ये अब छिपे कैसे थे? देश की निगाहबन संस्था क्यों चुप थी ?

देश के भीतर ये दुश्मन बेहद घातक हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया।

इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां ज्योति को एक खुफिया एजेंट के रूप में तैयार कर रही थीं। वह सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके।

निस्संदेह, भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान करने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। निस्संदेह, इन लोगों की परवरिश में कहीं चूक रही है जो इन्हें यह बोध नहीं करा सकी कि चंद पैसों व सुविधाओं के लालच में देश के साथ गद्दारी नहीं करनी चाहिए। निश्चय ही यह खुलासा राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। आने वाले वक्त में कई ऐसे जासूसों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादियों को भारत की धरती पर हमला करने का इनपुट दे रहे हों।

केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों को बाहर किया जा सके। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। वह सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति का इस्तेमाल न केवल जासूसी के लिये कर रहा था बल्कि भारत के खिलाफ प्रचार तथा पाक की छवि को सुधारने के लिये भी कर रहा था। ज्योति पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिये पाक की उजली छवि गढ़ रही थी। आरोप ये भी किसी उसकी एक पाक खुफिया अधिकारी से अंतरंगता रही है, जिसके साथ वह बाली घूमने भी गई थी। पाक दूतावास की एक पार्टी के वीडियो में भी वह नजर आई है। दरअसल, सूचना क्रांति के इस दौर में विदेशी खुफिया एजेंसियां टेलीग्राम, स्नैपचैट व व्हाटसएप आदि के जरिये भारतीय मददगारों से संपर्क साध रही हैं, जिस पर हमारी प्रवर्तन एजेंसियां आसानी से नजर नहीं रख सकती। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# पुलिस की सतर्कता से घटे अपराध

**सांध्य प्रकाश इटारसी ।** पुलिस की सतर्कता और रात में होने वाली मजबूत गश्त से अपराधों में कमी आई है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन और एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र के नेतृत्व में इटारसी पुलिस शहर में गुंडे बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। *देर रात बाजार क्षेत्र एवं रेलवे स्टेशन रोड पर खुलने वाली चाय नाश्ते गुटका पाउच की दुकानों को रात 11ः00 के बाद सत्य निर्देश देकर बंद कराया जा रहा है इन दुकानों के आसपास रात मे गुंडे बदमाश सकरी रहते हैं इस वजह से आए दिन शहर में आपराधिक घटनाएं होती थी इन घटनाओं को देखते हुए *पुलिस ने रात 11ः00 बजे के बाद यहां दुकान चलाने* वाले व्यापारियों को सख्त नसीहत देकर उनकी दुकान निर्धारित समय के बाद बंद करना शुरू कर दिया है। बुंदेला ने कहा कि हम शहर वासियों के सहयोग से ही अपराधियों और अपराधों पर नियंत्रण पा सकते हैं। किसी भी माध्यम से नागरिक शहर में होने वाली घटनाओं या अपराध की जानकारी पुलिस को दे सकते हैं। जरूरी होने पर सूचना कर्ता का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। बुंदेला ने कहा कि इटारसी शहर में आम जनता की सुरक्षा और गुंडे बदमाशों में पुलिस का खौफ पैदा करने के लिए मैदानी अमले को भी नसीहत दी गई है। सभी बीट प्रभारियों को अपने इलाकों में होने वाली घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई करने, गुंडे बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रशासन ने की कार्रवाई, चला बुलडोजर




**औबेदुल्लागंज संवाददाता।** नगर में बुधवार सुबह 12 बजे औबेदुल्लागंज के टोल प्लाजा के पास से हटाया गया अतिक्रमण कई दिनों से चर्चा में थी की दुकानदार द्वारा नाली के बाहर तक अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया था जो प्रशासन ने कार्यवाही कर शक्ति से हटाया इस मौके पर राजस्व विभाग मुख्य रूप से अनुविभागी अधिकारी एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे नगर परिषद सीएमओ सुधीर उपाध्याय, पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे व। इस दौरान नगर के तमाम दुकानदार स्वेच्छा से अपना सामान हटाकर प्रशासन का सहयोग करते हुए दिखाई दिए।

# पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने 7 अज्ञात फरार व 1 संदेही आरोपी पर किया 11 हजार का इनाम घोषित



**दमोह** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 08 प्रकरण में 07 अज्ञात फरार आरोपी एवं 01 संदेही आरोपी पर 11 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है।

पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 363 भादवि के तहत संदेही आरोपी नीरज चक्रवती पिता सतई चक्रवती निवासी हरिजन मोहल्ला जबेरा थाना पर दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी अपहर्ता एवं फरार संदेही आरोपी को दस्तयाब करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे अपहर्ता एवं फरार संदेही की दस्तयाबी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

# पॉलिटेक्निक में सोशल हेल्थ क्लब के अंतर्गत स्वस्थ जीवन शैली कार्यक्रम

**सांध्य प्रकाश इटारसी ।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, इटारसी में आयुक्त तकनीकी शिक्षा मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार संस्था प्राचार्य आर के चोलकर के नेतृत्व में संस्था नोडल अधिकारी विद्यावती सूर्यवंशी एवं श्रीमती पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में सोशल हेल्थ क्लब इनिशिएटिव के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र इटारसी से जिला पर्यवेक्षक शिवम शुक्ला एवं टेक्नीशियन संदीप सोनी द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी कार्यशाला का आयोजन की गई। इस अनुक्रम में ब्लड ग्रुप का महत्व, परीक्षण, लो एवं हाई हाई बीपी के लक्षण, गर्मी में स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली ,थायराइड होने के कारण एवं बचाव संबंधी जानकारी प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने, योग करने , सक्रिय रहने एवं सेवा करने संबंधी विभिन्न टिप्स दिए गए इस अवसर पर संस्था से लोकेंद्र सिंह बनाफर , राम कुमार उईके, श्री भूपेन जोठे, हेमलता शुक्ला, श्रीमती इति महालहा, शिवांगी मालवी, श्रीमती अनिता वर्मा ,पल्लवी शर्मा , लखन लाल कोरी ,आर सी तोमर , नेहा केदारे ,सुशी नैनी पटेल एवं संस्था के 135 से भी अधिक विद्यार्थी गण उपस्थित रहे ।

# श्रीमाता मंदिर नंदीकेश्वर धाम का पाटोत्सव अभिषेक पूजन एवं प्रसादी का होगा वितरण

**सिवनी।** जीवन में जब पुण्य की वर्गणाएँ स्फुटित होती हैं तो मंदिर बनाने के भाव प्राण प्रतिष्ठा के भाव उत्पन्न होते हैं इसी भावना को चरितार्थ करने के उद्देश्य से डूंडा सिवनी में की गई थी। जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में, ज्येष्ठ कृष्ण नवमी तिथि, तदानुसार 21 मई 2025 को श्री माता राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी तथा भगवान श्री परशुराम मंदिर, नंदीकेश्वर धाम बरघाट रोड सिवनी में पाटोत्सव का दिव्य कार्यक्रम आयोजित है। ज्ञातव्य है कि 7 वर्ष पूर्व 9 मई 2018 को, धर्म सम्राट ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के शुभ हस्त से, परशुराम सामाजिक भवन परिसर बरघाट रोड सिवनी के सिध्द मंदिर में, माता त्रिपुर सुंदरी तथा भगवान परशुराम के दिव्य विग्रह की स्थापना तथा प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इस शुभ तिथि में, प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में, विधि विधान से पाटोत्सव का कार्यक्रम आगामी 21 मई 2025 को आयोजित है। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में 21 मई 2025 को, श्री परशुराम मंदिर में शाम 4 बजे से पूजन अभिषेक प्रारंभ किया जायेगा तत्पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। उल्लेखनीय है कि मंदिर निर्माण एवं मूर्तियों की स्थापना में इंजी. राजीव मिश्रा तथा पं. भुवनेश्वर शुक्ला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ था।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई में 164 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 164 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

# राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम



**मंडला।** राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल का 22 मई को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री जायसवाल 22 मई 2025 को प्रातः 9 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 10ः30 बजे मंडला पहुंचकर माँ नर्मदा में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वे 11 बजे पदाधिकारियों से भेंट करेंगे तथा 11.30 बजे कार्यालय कलेक्टर में समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस जायेंगे तथा दोपहर 2 बजे जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अवैध रूप से परिवहन की जा रही 14 नग सागौनी इमारती वनोपज जब्त



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** मुख्य वनसंरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल राजेश कुमार खरे के निर्देशन एवं वनमण्लाधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में दिनांक 19.05.2025 की रात को परिक्षेत्र सिलवानी पूर्व अंतर्गत वन स्टाफ द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान लकड़ी चोरों के विरूद्ध बडी कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से सागौन इमारती 14 नग 0.125 घनमीटर, 2 मोटर सायकल पर अवैध परिवहन करते हुये 2 आरोपियों को पकड़ा गया।

बीती रात परिक्षेत्र पूर्व सिलवानी में वन स्टाफ द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान परिसर बेरखेडी के वन कक्ष क्रमांक पीएफ 592, ग्राम मनकापुर रोड पर 2 वाहन मोटर सायकल से अवैध रूप से सागौनी इमारती वनोपज 14 नग, 0.125 घनमीटर, 2 मोटर सायकल पर अवैध परिवहन करते हुये आरोपी रामबाबू आदिवासी आ डब्बल सिंह निवासी बीकलपुर एवं आरोपी अखलेश आदिवासी आ0 मुन्ना आदिवासी निवासी बीकलपुर को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47381 / 23 दिनांक 20.05.2025 एवं वन अपराध प्रकरण क्रमांक 47381 / 24 दिनांक 20.05.2025 पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप वनमण्डलाधिकारी इंदर सिंह बारे परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा, रामदास सोनी वनपाल, हरेन्द्र सिंह वनरक्षक, लवकुश तिवारी वनरक्षक, संदीप सिंह ठाकुर वनरक्षक, रामकुमार रघुवंशी, पुष्पेन्द्र शर्मा वनरक्षक, दीपक कौरव आदि स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# सबसे पहला टारगेट सातों नाले बिलकुल क्लीन हो जायें, इसकी सतत मॉनीटरिंग की जायेगी-कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से कहा कर्मचारियों की हड़ताल 2-3 बार हो गई, हड़तालें लंबी चली है। नगर के 7 नाले आज सुबह जाकर देखे हैं । कलेक्टर कोचर ने सी.एम.ओ नगरपालिका को निर्देश देते हुये कहा सबसे पहला टारगेट होना चाहिए की जो 7 नाले है, बिलकुल क्लीन हो जायें उसकी कार्य योजना लोगों ने बना ली है, वह जल्दी लागू कर रहे है, और इसकी सतत मॉनीटरिंग करेंगे की अगले 10-15 दिन के अंदर यह 7 नाले हमारे क्लीन हो जाए। सुभाष कॉलोनी वाला एरिया काफी हद तक क्लीन हो चुका है। वहाँ जितने हर्डल्स थे जो बोरी बंधान थे, वह हट गए, जो स्टॉप डैम थे उनको हटा दिया गया और अब वहाँ से पानी बिल्कुल सलीके से निकल जाएगा।

कलेक्टर कोचर ने सी.ई.ओ जिला पंचायत को भी स्थल पर भेजा, वहाँ पर जो ग्रामीण क्षेत्र का हिस्सा है, उसका जलगंगा अभियान के अंतर्गत गहरीकरण का काम शुरू किया जा रहा हैं, इस लिहाज से काम पहली प्राथमिकता है। इसके बाद नंबर दो पर बाकी जो नालियां है उनको साफ करना और उनका गहरीकरण की बात आती है, उसके लिए भी नगरपालिका काम करेगी आगे का प्लान है। उन्होंने कहा दूसरी चीज़ यह है 30-40 जगह ऐसी चिहित की है, जहाँ पर पिछले साल बारिश में बीमारियां फैली थी उन जगहों के लिए भी प्रॉपर प्लानिंग की गई है, पी.एच.ई, जल निगम, स्वास्थ्य, पंचायत और राजस्व पांचों एजेंसी मिल करके काम कर रही है और हमारा लक्ष्य है कि इन जगहों पर इस साल कोई बीमारी ना फैले और बीमारी मुक्त रहें।

# मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री को तत्काल बर्खास्त करे: डॉ मर्सकोले



**मंडला।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने भाजपा सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह और उप मुख्यमंत्री जगदीश देव?ा के सेना और महिला विरोधी बयानों की कठोर निंदा की है।उन्होंने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मांग की है कि उक्त दोनों नेताओं को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए।

डॉ मर्सकोले ने कहा कि भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी देश के शौर्य और साहस की प्रतीक हैं,लेकिन मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक, अमर्यादित और महिला विरोधी टिप्पणी कर न केवल महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाई,बल्कि देश की सेना का भी अपमान किया।वहीं उप मुख्यमंत्री जगदीश देव?ा ने कहा कि पूरा देश,सेना और सैनिक पीएम नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं जो सेना की स्वायत्तता और सम्मान पर सवाल उठाता है।

डॉ मर्सकोले ने आश्चर्य जताया कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा विजय शाह के बयान पर संज्ञान लेने और एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई।यदि कैबिनेट बैठक में मंत्री विजय शाह शामिल होते हैं,तो यह साबित हो जाता है कि भाजपा सरकार कहीं न कहीं उनके बयान से सहमत है।यह भाजपा की महिला विरोधी और सेना विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।उप मुख्यमंत्री श्री देव?ा के बयान पर भी भाजपा की चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि इन बयानों को पार्टी और संघ का मौन समर्थन प्राप्त है।

डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी सम्मानित सैन्य अधिकारी के खिलाफ श्री शाह की टिप्पणी भाजपा सरकार की महिला विरोधी सोच को दर्शाती है।ऐसे बयान देने वाले व्यक्ति को मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई हक नहीं है।यह अत्यंत शर्मनाक है कि भाजपा ने अभी तक दोनों नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

डॉ मर्सकोले ने म.प्र.उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश दिए।यह न्यायपालिका के प्रति हमारे विश्वास को और मजबूत करता है।यह साबित करता है कि कानून और संविधान के सामने कोई भी व्यक्ति,चाहे वह किसी भी पद पर हो,बराबर है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

# जनसहभागिता से ग्राम उमरिया की ऊमर नदी में बोरी बंधान किया गया

**नरसिंहपुर.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में नदियों व नालों में बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से यह बोरी बंधान के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड करेली की ग्राम पंचायत उमरिया की ऊमर नदी में जनसमुदाय की सहभागिता से बोरी बंधान बनाया गया। बोरी बंधान के माध्यम से नदी में बहते पानी को रोका गया। पानी का ठहराव होने से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को भरपूर पानी मिलेगा। यह कार्य नवांकुर संस्था पिपरहा, रम्पुरा व नन्ही झामर कपूरी एवं विकास विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सहभागिता से किया गया है। विकासखंड समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद करेली श्रीमती माधवी पाठक ने बताया कि बोरी बंधान हो जाने से पानी का ठहराव हो रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए और पशु- पक्षियों को पानी सहजता से उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जन जागरूकता की दृष्टि से विविध कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर नवांकुर संस्था पिपरहा से राधेश्याम मलाह, नवांकुर संस्था नन्ही झामर से रघुनंदन लोधी, नवांकुर संस्था रमपुरा से भगवान सिंह लोधी, नवांकुर संस्था कपूरी से विजय कुमार चौधरी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया से केदार साहू, रामकुमार साहू, बबलू विश्वकर्मा एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष बने अजय तो विजय सचिव निर्वाचित



शहडोल। जिले में भारत विकास परिषद की नवीन शाखा का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव विजय दुबे और कोषाध्यक्ष अजय शर्मा निर्वाचित हुए हैं। दायित्व ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन हुआ। शहडोल में गत दिवस आयोजित गरिमा मय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश महिला वित्त विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी के पूर्व सचिव राजेश्वर उदानिया के साथ रीवा से पधारे भारत विकास परिषद के प्रांतीय संस्कार प्रमुख सुरेश कुमार बिश्नोई ने मंच को सुशोभित किया।

## लक्ष्य प्राप्त करेगी नई इकाई-चपरा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए अमिता चपरा ने विश्वास जताया की परिषद की नई इकाई अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी तथा समाज में राष्ट्र प्रेम की भावना को दृढ़ करते हुए सेवा के पथ पर चलेगी। उन्होंने परिषद के अखिल भारतीय स्तर पर स्थापना के परिदृश्य की चर्चा करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद अपने कार्यों से देश की एकता को सुदृढ़ करती है। यह विद्यालयीन छात्रों में संस्कार के भाव जागृत कर उन्हें अच्छा नागरिक बनने में मदद करती है। उन्होंने जोर देकर कहा की हमें अच्छे कार्यों के साथ-साथ आपस में अच्छा संवाद भी करते रहना आवश्यक है तभी संपर्क का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि राजेश्वर उदानिया ने अपने रेडक्रॉस सचिव के समय के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में समाज सेवा के लिए समय निकालना चाहिए। इसी माध्यम से आप अपने जीवन को संतोषपूर्वक जी सकते हैं।

शपथ अधिकारी सुरेश कुमार बिश्नोई ने परिषद के कार्यकलापों की चर्चा की तथा नई शाखा को परिषद के संचालन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को सरलता से आयोजित करने हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा की विंध्य प्रांत में शहडोल एक मात्र नगर है जहां परिषद की दो शाखाएं शुरू हुई है। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सचिव विजय दुबे ने विश्वास व्यक्त किया कि परिषद सेवा के नए आयाम के नए प्रतिमान आगामी वर्षों में स्थापित करेगी।

## पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

कार्यक्रम में नगर में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। सम्मान से अभिभूत सैनिक कल्याण के अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने अपना ओजपूर्ण भाषण दिया तथा कहा कि भारत विकास परिषद ने आज न केवल यहां उपस्थित पूर्व सैनिकों का सम्मान किया है बल्कि ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सभी बहादुर सैनिकों का सम्मान इस आयोजन से हुआ है । भूतपूर्व सैनिक जिनका कार्यक्रम में सम्मान किया गया उनमें जे पी गुप्ता एजुकेशन इंस्ट्रक्टर आर्मी एजुकेशन कोर, नायब सुबेदार एईसी गोपाल कृष्ण तिवारी, सुबेदार एएमसी विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा, हवलदार एएमसी जगदीश प्रसाद पटेल और सुबेदार सिग्नल मोहन प्रसाद वर्मा शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र गुप्ता ने किया। समापन सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

## नवीन शाखा में ये हैं पदाधिकारी

संरक्षक मंडल अरुण त्रिवेदी, विजय जैन ,अशोक सराफ, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता-संपर्क, मनीष चंद्र गुप्त-संस्कार, नीति सिंघल-पर्यावरण, अशोक मोर - सेवा और श्रीजा गुप्ता-महिला सहभागिता, सहसचिव अखिलेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य नन्द किशोर केडिया, बबीता मोर, सचिन गुप्ता, संदीप तिवारी और कमलेश अग्रवाल। पदाधिकारियों के अतिरिक्त एसएस. जौहरी, रवींद्र गुप्ता, श्रीमती बबिता मोर, रवि नेमा, नीरज गुप्ता, सदस्यों ने सदस्यता ली।

# गोरतरा, अंडहई और जमुई बना 52 परी का गढ़



**शहडोल- अखिलेश मिश्रा।** जिले में इन दिनों 52 परी का खेल बड़ी ही तेजी से चल रहा है,नगर के युवा अपनी गा?ी कमाई इस 52 परी के खेल में उड़ा रहे हैं,52 परी का संचालन करवाने वाले हर दिन अलग-अलग स्थानो पर फ? लगाकर यह खेल खिला रहे हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नगर से लगे गोरतरा अंडहई और जमुई में लाला,आकाश,कालू एवं कमलेश नामक व्यक्तियों के द्वारा 52 परी के फ? का संचालन करवाया जा रहा है, मामले पर कार्यवाही ना हो इसलिए अच्छी खासी सांठ गांठ भी इन्होंने बना रखी है और यही कारण है कि धड़ल्ले से 52 परी का यह खेल संचालित हो रहा है,सूत्रों ने तो यह भी जानकारी देते हुए बताया है कि इस खेल में दो दर्जन से अधिक खिलाड़ी रोजाना पहुंचते हैं और अपनी किस्मत चमकाने का कार्य करते हैं,हारजीत के इस दांव में खिलाड़ी अपने वाहन मोबाइल तक गिरवी रख देते हैं,कथित व्यक्तियों के विरुद्ध अनेकों बार स्थानीय लोगों ने इस बात की शिकायत संबंधित विभाग में की है लेकिन इनकी सेटिंग के आगे शिकायत भी ठंडे बस्ते में रह गई है,और यही कारण है कि यह 52 परी का संचालन करने वाले संचालक लगातार फल फूल रहे हैं।

## कार्यवाही से दूर खिलाड़ी

52 परी को संचालित करने वाले तथा कथित व्यक्ति खिलाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही ना हो इसलिए अच्छी खासी नाल निकाली जाती है,जिससे फ? का संचालन अच्छे तरीके से चलता रहे निकाले गए नाल में सब कुछ मैनेजमेंट का खेल तथा कथित व्यक्तियों के द्वारा कराया जाता है,जिससे खिलाड़ियों को कोई भी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## मिलता है ब्याज में रुपया

गोरतरा अंडहई और जमुई में हो रहे 52 परी के इस खेल में यदि खिलाड़ियों के पास पैसा खत्म हो जाए तो फ? का संचालन करने वाले संचालक खिलाड़ियों को ब्याज में रुपया भी देते हैं,जिससे फ? का संचालन होता रहे इतना ही नहीं ब्याज का रुपया दोगुना भी खिलाड़ियों से वसूला जाता है,रुपया नहीं देने पर मारपीट की स्थिति भी निर्मित की जाती है,हालांकि खिलाड़ियों को सुविधा सभी उपलब्ध कराई जाती है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ( म.प्र. )**

शुक्ला ग्राउन्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर- 07162-222346
ईमेल:commissionerchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट:-chhindwaranagarnigam.com
E-Mail - commchhindwara@ mpurban.gov.in

// निविदा सूचना //

क्रमांक /1108/लो.नि.वि./नपानि./ 2025-26 छिंदवाड़ा दिनांक 19/05/2024

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD-_424574 _1 Date- 21/05/25 | वार्ड क्र. 07 में विभिन्न स्थानों में बी.टी. एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1. 18300580.00<br>2. 8 माह | 1. 12500.00/-<br>2. 91510.00/- | 20/06/2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा

## हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**मुंबई , एजेंसी।** श्री गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियाँ शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है। यूके स्थित इस परिवार का कंपनी समूह, चेयरमैन श्री जी.पी. हिंदुजा के नेतृत्व में, 38 देशों में संचालित होता है और कई क्षेत्रों में निवेश करता है - मोबिलिटी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ, मीडिया, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, लुब्रिकेंट्स और विशेष रसायन, ऊर्जा, रियल एस्टेट, व्यापार, और स्वास्थ्य सेवा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष के दौरान, हिंदुजा ग्रुप ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र पर अपना ध्यान बढ़ाया है, जिसमें वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश शामिल है, जो स्थिरता और भविष्य के लिए तैयार नवाचार की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।

## टाटा मोटर्स ने फोर-व्हील ई-कार्गो सॉल्यूशंस में अपनी बढ़त को और मजबूत किया

**मुंबई , एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज मैजेंटा मोबिलिटी को 20 नई टाटा ऐस ईवी की डिलीवरी की, जिससे कंपनी के बेड़े में कुल 350 ईवी हो गए हैं। यह डिलीवरी 2023 में टाटा मोटर्स और मैजेंटा मोबिलिटी के बीच 500 ऐस ईवी तैनात करने के लिए हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा है। टाटा ऐस ईवी को मैजेंटा मोबिलिटी द्वारा देश के 10 शहरों में संचालित किया जा रहा है और इन गाड़ियों ने अब तक करीब 50 लाख किलोमीटर की दूरी तय की है, जिससे लगभग 2,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की बचत हुई है। भारत की सबसे उन्नत शून्य-उत्सर्जन वाणिज्यिक वाहन अब ई-कॉमर्स, पार्सल व कूरियर, एफएमसीजी, एफएमसीडी और डेयरी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रूप से उपयोग में लाई जा रही हैं। इस अवसर पर मैजेंटा मोबिलिटी के संस्थापक और सीईओ मैक्सन लुईस ने कहा, टाटा ऐस ईवी ने हमेशा शानदार प्रदर्शन, अधिकतम उपयोग समय, मजबूत रेंज और ड्राइवर-फ्रेंडली अनुभव दिया है। हमारे पास फिलहाल 350 ईवी हैं और अगले कुछ समय में 150 और जोड़ी जाएंगी। इससे हम पूरे भारत में अपने ग्रीन लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को और मजबूत कर रहे हैं। टाटा मोटर्स की भरोसेमंद सेवा प्रणाली और परखी हुई तकनीक उन्हें 16 शहरों में हमारे सफर के विस्तार और डीकार्बनाइजेशन अभियान का अहम साझेदार बनाती है।

## सैमसंग 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' ने भूटान के टीचर्स के लिए लॉन्च किया शानदार प्रोग्राम

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, भूटान के दूरस्थ क्षेत्रों के उत्साही शिक्षकों का अपनी बढ़ती कम्युनिटी 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' में स्वागत कर रहा है। यह एक अनूठा कम्युनिटी-नेतृत्व वाला प्रोग्राम है, जिसे शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर शिक्षा को बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' कार्यक्रम, जो शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित करता है, दिसंबर 2024 में भारत में शुरू हुआ था। अब, भूटान के शिक्षक भी कार्यशालाओं और सहयोगी शिक्षण के जरिए उस आंदोलन में शामिल हैं, जो तकनीक और नए विचारों से कक्षाओं को बेहतर बना रहा है।सैमसंग ने भूटान के दूरस्थ और वंचित समुदायों में सेवा देने वाले इन शिक्षकों के लिए गुरुग्राम में अपने एक्जीक्यूटिव बिजनेस सेंटर (ईबीसी) में 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' इमर्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम के दौरान, शिक्षकों ने गैलेक्सी इकोसिस्टम, जिसमें गैलेक्सी स्मार्टफोन, गैलेक्सी बुक, टैबलेट, फ्लिपबोर्ड और डिस्प्ले शामिल हैं, का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एस25 एज के लिए प्री-बुकिंग की घोषणा की

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने श्रेणी को परिभाषित करने वाले गैलेक्सी एस25 एज के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह गैलेक्सी एस सीरीज़ का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है। स्टाइल और ताकत को ध्यान में रखकर बनाया गया, गैलेक्सी एस25 मजबूत टाइटेनियम बॉडी में प्रीमियम, प्रो-लेवल परफॉर्मेंस का नया बैलेंस प्रदान करता है। एस25 एज स्र सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाता है, इसमें एक आइकॉनिक गैलेक्सी एआई-इनेबल्ड कैमरा दिया गया है और यह एक पोर्टेबल डिवाइस में रचनात्मकता के नये द्वार खोलता है। ।धारण रूप से पतला और मजबूत डिज़ाइनगैलेक्सी एस25 एज, 5.8 द्वद्व के पतले चेसिस के साथ, इंजीनियरिंग की दुनिया में एक शानदार उपलब्धि है। यह स्मार्टफोन डिज़ाइन के लगभग हर तत्व को फिर से परिभाषित करता है। इसका हल्का महज 163 ग्राम वजन वाला फ्रेम स्टाइल और कार्यक्षमता दोनों में अव्वल है। यह स्लिम स्मार्टफोन्स को नए स्तर पर ले जाता है और गैलेक्सी स्सीरीज़ की एकजैसी डिज़ाइन को बनाए रखता है।अपनी खूबसूरत, स्लिम डिज़ाइन के साथ यह फोन बेजोड़ मजबूती भी लेकर आता है। इसके घुमावदार किनारे और मज़बूत टाइटेनियम फ्रेम रोज़मर्रा के इस्तेमाल में शानदार सुरक्षा देते हैं। फ्रंट डिस्प्ले में इस्तेमाल हुआ नया कॉर्निंग0 गोरिल्ला0 ग्लास सिरैमिक 2 न सिर्फ बेहतरीन चमक देता है, बल्कि असाधारण मजबूती भी प्रदान करता है।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के दमदार नतीजों की घोषणा की

**गुरुग्राम, एजेंसी।**भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने आज, 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बहुआयामी प्रदर्शन अंतर्दृष्टियों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए, टीसीआई के प्रबंध निदेशक श्री विनीत अग्रवाल ने कहा-वित्त वर्ष 2025 टीसीआई के लिए प्रणालीगत विकास का वर्ष रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखलाओं की बदलती परिस्थितियों के बावजूद, हमारे मल्टीमोडल एकीकरण, स्थिरता और डिजिटलीकरण पर केंद्रित दृष्टिकोण ने हमारी प्रगति को निर्णायक वेग प्रदान किया है। हम त्वरित वाणिज्य, रिटेल और कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स क्षेत्रों में उपभोग-आधारित वेयरहाउसिंग की मांग को मापते रहे हैं, तथा बल्क गुड्स, भारी मशीनरी और बड़े उपकरणों के लिए भी हमने अपनी विशेष लॉजिस्टिक्स और मल्टीमोडल समाधान क्षमताओं को सुदृढ़ किया है। रेल और तटीय परिवहन में स्मार्ट संसाधनों का यथोचित उपयोग करते हुए, हमने उच्च क्षमता वाले 40-फुट, 40-टन कंटेनरों, फिक्स्ड चेसिस यूनिट्स और द्रुस्ह कंटेनरों के साथ अपनी संचालन क्षमता और विस्तारशीलता को बढ़ाया है। संधारिता हमारे नवाचार रोडमैप का अभिन्न हिस्सा है, जो हमारे बेड़े में ईवी और एलएनजी ट्रकों के अवशोषण और नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित वेयरहाउसिंग द्वारा रेखांकित है।

## आ रहा है लीला होटल का आईपीओ

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में लग्जरी होटलों के मशहूर ब्रांड द लीला को तो जानते ही होंगे। इस होटल को चलाने वाली कंपनी है श्लॉस बैंगलोर । यह कंपनी अपना आईपीओ लेकर आ रही है। लीला होटल का आईपीओ आगामी सोमवार यानी 26 मई, 2025 को खुलेगा। हम बता रहे हैं इस आईपीओ के बारे में सबकुछ । यह आईपीओ 3,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। साथ ही, 1,000 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचे जाएंगे। ओएफएस का मतलब है, जब कंपनी के मालिक या कुछ निवेशक अपने शेयर बेचते हैं। यह आईपीओ तीन दिन तक खुला रहेगा। यानी 26 मई को खुल कर 28 मई को बंद हो जाएगा। उम्मीद है कि 2 जून को बीएसइ (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसइ (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) दोनों पर शेयरों की लिस्टिंग हो जाएगी। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 413 रुपये से 435 रुपये तय किया गया है। इसमें आवेदन करने वाले निवेशकों को कम से कम 34 शेयर के लिए बोली लगानी होगी। मतलब कि रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम 14,042 रुपये का निवेश करना होगा।

# धरा रह जाएगा ट्रंप का टैरिफ, तेज रफ्तार से दौड़ती रहेगी भारत की इकॉनमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए हैं। हालांकि इसमें अभी 90 दिन की मोहलत दी गई है लेकिन भारत पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत टैरिफ से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के टैरिफ और दुनियाभर में व्यापार में हो रही दिक्कतों का असर भारत पर कम होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है और यहां सामान का निर्यात कम होता है। भारत पर कम असर इसलिए होगा क्योंकि भारत का अमेरिका के टैरिफ से सीधा संपर्क कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई तरह की चीजें दूसरे देशों को बेचता है, जिससे उसे फायदा होता है। भारत की अपनी अर्थव्यवस्था भी बहुत बड़ी है। इसलिए भारत को दूसरे देशों को सामान बेचने पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना पड़ता। इसमें भारत की कोई खास कमजोरी नहीं बताई गई है लेकिन इसमें कहा गया है कि भारत के पास खासकर बंदरगाहों के मामले में अच्छे मौके हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां चाइना-वी की रणनीति चल रही हैं। इसका मतलब है कि कंपनियां पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहती हैं बल्कि दूसरे देशों से भी अपना सामान मंगवाना चाहती हैं। इससे भारत के बंदरगाहों को फायदा हो सकता है क्योंकि कंपनियां चीन के अलावा भारत से भी सामान मंगवा सकती हैं।

मूडीज का कहना है कि भारत सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं से लोगों का खर्च बढ़ेगा, देश में सामान बनाने की क्षमता बढ़ेगी और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ेगा। इससे अर्थव्यवस्था को बाहरी झटकों से बचाने में मदद मिलेगी। महंगाई कम होने से ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं। इससे भी विकास को सहारा मिलेगा। बैंकों के पास पर्याप्त पैसा है, जिससे वे आसानी से लोन दे सकते हैं। मूडीज़ ने कहा, भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर कम निर्भरता इसे बाहरी झटकों को सहने की बेहतर स्थिति में रखती है। रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की भी बात की गई है। मूडीज़ का कहना है कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का असर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर ज्यादा पड़ेगा। भारत के मुख्य आर्थिक केंद्र संघर्ष क्षेत्र से दूर हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार भी ज्यादा नहीं होता है। हालांकि अगर तनाव बढ़ता है तो भारत को रक्षा पर ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। इससे सरकार के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में दिक्कत आ सकती है। मूडीज ने यह भी माना है कि ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टर टैरिफ को दिक्कत हो सकती है जो अमेरिका को निर्यात करते हैं।

# छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अय्याज फकीर भाई तंबोली को केंद्र में मिली बड़ी जिम्मेदारी



**रायपुर।** भारत सरकार ने कैबिनेट सचिवालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्ति करते हुए छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी अय्याज फकीरभाई तंबोली (बैच 2009) को संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। वर्तमान में वह कैबिनेट सचिवालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। तंबोली को यह नई जिम्मेदारी पांच वर्षों के कार्यकाल के लिए सौंपी गई है, जो 20 मार्च 2029 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। वह इस पद पर एम.एस. श्रीकर का स्थान लेंगे।

डॉक्टर तंबोली 2009 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस हैं। उनका जन्म 23 दिसंबर 1981 को हुआ है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यूपीएससी 75 वीं रैंक के साथ क्रैक किया है। छत्तीसगढ़ में उनकी पहली पोस्टिंग बस्तर जिले के जगदलपुर नगर निगम में निगम आयुक्त के रूप में हुई। इस दौरान एसडीएम भी रहे। 2013 में हुए दुर्ग जिला पंचायत के सीईओ बने 2014 में उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का एमडी बनाया गया। अप्रैल 16 मे वे पहली बार बीजापुर जिले के कलेक्टर बने। 10 अगस्त 2018 से तंबोली ने बस्तर जिले की कलेक्टरी का प्रभार संभाला। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरुवा, घुरुवा, बाड़ी के विशेष सचिव रहें। बीजापुर में कलेक्टरी के दौरान अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के चलते प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर अय्याज फकीर भाई तंबोली को एकसलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया था।

# इंदौर मंडी में गेहूं, डॉलर चना, मूंग और लहसुन जैसे फसलों की डिमांड में हलचल दिखी.



**इंदौर ।** 21 मई 2025 को इंदौर मंडी में गेहूं, डॉलर चना, मूंग और लहसुन जैसे फसलों की डिमांड में हलचल दिखी। सब्जियों के दाम भी कुछ खास बदले हुए नजर आए, खासकर प्याज और लहसुन के रेट्स में थोड़ा बदलाव देखा गया। आइए जानते हैं आज के प्रमुख फसलों और सब्जियों के ताज़ा रेट। अनाज भाव क्विंटल के अनुसार सोयाबीन- 4000-4300, गेहूं- 2700 से 3850, गेहूं सुजाता- 2300, मक्का- 3300 से 3800, डॉलर चना- 7000 -9400, देसी चना- 5200 से 7500, चना कांटा- 4200, आमचूर- 3700, मसूर- 4300 से 6900, मूंग- 6500 -7350, मूंग एवरेज- 4600 से 6200, तुअर- 4550 से 6500, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 3300 से 6800, निमाड़ी तुअर- 3250 से 5800, सरसों- 3150 से 5250, सरसों निमाड़ी- 3180 से 5500, उड़द बोल्ड- 6200, उड़द मीडियम- 6100 से 7500, हलका उड़द- 5700 से 7420।

# सोने के भाव में फिर आया बदलाव



**मुंबई, एजेंसी।** जून से पहले इस महीने में सोने या चांदी खरीदने की प्लानिंग कर रहे है तो पहले 21 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज बुधवार को सोने के भाव में 2400 रूपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 3000 प्रति किलो का उछाल आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97 हजार और चांदी के भाव भी 1 लाख के आसपास ट्रेंड कर रहे है। आज बुधवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 21 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 89,450 , 24 कैरेट का भाव 97, 570 और 18 ग्राम सोने का रेट 73,190 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1,00,000 रुपए चल रहा है।

18 कैरेट सोने का आज का भावः दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 73 190/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 73, 030/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 73, 110 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 73, 600/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

22 कैरेट सोने का आज का भावः भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 350/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 89, 450/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 89, 300/- रुपये ट्रेंड कर रहा है। 24 कैरेट सोने का आज का भावः भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97,470 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 97, 570/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 97, 420/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 97,420/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

# कम रेटिंग वाली ब्लू-चिप कंपनियों में निवेश करना है तो इस म्यूचुअल फंड पर लगा सकते हैं दांव

**मुंबई, एजेंसी।** जब शेयर बाजार में कोहराम मचा था, जब अपना आईपीओ बाजार भी सूना था। लेकिन शेयर बाजार में सुधार आने के बाद अब आईपीओ बाजार में नए इश्यू आने लगे हैं। इसी के साथ म्यूचुअल फंड बाजार में भी नए फंड ऑफर आने लगे हैं। आज ही निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पैसिव कैटेगरी में एक नया फंड ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की है।

शेयर बाजार में चाहे जो भी स्थिति हो, ब्लू-चिप कंपनियों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। हालांकि, इनमें से किन कंपनियों पर दांव लगाना चाहिए, यह आम निवेशक नहीं जान सकते। लेकिन म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर्स इस क्षेत्र के माहिर होते हैं, इसलिए उन्हें इसकी जानकारी होती है। दावा किया जा रहा है कि इस एनएफओ के जरिये आप कम रेटिंग वाली ब्लू-चिप कंपनियों में निवेश कर सकते हैं, जिनमें बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं, जो बीएसई 100 का हिस्सा हैं लेकिन बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं। ये 30 कंपनियां ब्लू चिप हैं, जिनमें भविष्य में मदरबोर्ड बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। पिछले 10 सालों में 20 स्टॉक बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 से बीएसई सेंसेक्स में आगे बढ़े हैं। यह इंडेक्स कम प्रतिनिधित्व वाले लार्ज कैप को कवर करता है, जो एक ऐसा स्वीट स्पॉट है जिसे कोई अन्य इंडेक्स कैप्चर नहीं करता है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 टीआरआई ने लगातार बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे यह ईटीएफ श्रेणी में एक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया है। पिछले पांच वर्षों में इंडेक्स ने 26 प्रतिशत का सीएजीआर रिटर्न दिया, जबकि बीएसई सेंसेक्स ने 20.3 प्रतिशत रिटर्न दिया। तीन वर्षों में भी नेक्स्ट 30 इंडेक्स ने 15.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि सेंसेक्स ने 13.4 प्रतिशत रिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स ने पिछले पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी नेक्स्ट 50 टीआरआई से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। एक तरह से कहा जाए कि बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 12 सेक्टरों में फैला एक अच्छी तरह से विविधतापूर्ण इंडेक्स है। इनमें जेएसडब्ल्यू स्टील, इंटरग्लोब एविएशन, ग्रासिम, ओएनजीसी, बजाज ऑटो, अडानी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज और विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# सरकार के पक्ष में आए फैसले को मुकेश अंबानी की रिलायंस ने दी चुनौती




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके विदेशी साझेदारों ने सरकार के साथ गैस विवाद के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन कंपनियों ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मध्यस्थता फैसले को रद्द कर दिया गया था। यह फैसला केंद्र सरकार के 1.7 बिलियन डॉलर के उस दावे से जुड़ा है। सरकार ने आरोप लगाया गया था कि रिलायंस ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन में उसके कुएं से गैस निकाली। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिलायंस ने 14 मई को सबसे पहले याचिका दायर की। इसके बाद उसके साझेदारों यूके की बीपी पीएलसी की सहायक कंपनी बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) और कनाडाई कंपनी निको लिमिटेड ने भी अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं।

हाई कोर्ट ने 14 फरवरी को रिलायंस और उसके साझेदारों के खिलाफ फैसला सुनाया था। कोर्ट ने सरकार के दावे को सही ठहराया था। कोर्ट का कहना था कि रिलायंस ने ओएनजीसी के ब्लॉक से गैस निकालकर अनुचित लाभ कमाया है। ओएनजीसी का ब्लॉक रिलायंस के केजी-डी6 फील्ड के बगल में ही है। यह मामला 2013 का है। ओएनजीसी ने दावा किया था कि उसके आइजी और केजी-डीडब्लूएन-98/2 ब्लॉक, रिलायंस के केजी-डी6 फील्ड के साथ एक कॉमन गैस पूल शेयर करते हैं। कंपनी ने हाई कोर्ट में कहा कि रिलायंस ने पहले ही केजी-डी6 को चालू कर दिया था और उस गैस को निकाल रही है जो उसके ब्लॉक से आई है। ओएनजीसी के ब्लॉक पर तब काम चल रहा था।

तेल मंत्रालय ने हाई कोर्ट का रुख तब किया जब सिंगापुर के लॉरेंस वू के नेतृत्व वाले मध्यस्थता पैनल ने उसके दावे को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने लगभग 1.6 बिलियन डॉलर की लागत (ब्याज सहित) और 175 मिलियन डॉलर के अतिरिक्त लाभ पेट्रोलियम की मांग की थी। यह मांग 31 मार्च, 2016 तक रिलायंस द्वारा की गई अनुचित लाभ की वसूली के लिए थी।

# पाकिस्तान का कर दिया बुरा हाल, अब भारत से भी बाहर होगा चीनी माल!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए संघर्ष में चीन में बने सामान की गुणवत्ता एक बार फिर जगजाहिर हो गई है। पाकिस्तान ने इस संघर्ष में बड़े पैमाने पर चीन के हथियारों और रक्षा साजोसामान का यूज किया लेकिन ये किसी काम के नहीं निकले। इसमें पाकिस्तान का साथ देने वाले चीन के खिलाफ भारत ने अब अपना रुख कड़ा कर दिया है। सरकार चीन से आने वाले छोटे घरेलू उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार ने सुरक्षा नियमों को और सख्त कर दिया है। हाल ही में पता चला था कि चीन से आने वाले कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण घटिया क्वालिटी के हैं। अब कुछ खास तरह के उपकरणों पर बीआईएस का मार्क होना जरूरी होगा। इनमें इलेक्ट्रिक रिक्लाइनर, फर्नीचर, व्हर्लपूल बाथ, स्पा, इलेक्ट्रिक टॉयलेट, कपड़े सुखाने की मशीन, तौलिया गरम करने वाले उपकरण और इलेक्ट्रिक ब्यूटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। ये सभी उपकरण बिजली या बैटरी से चलते हैं।

ईटी की एक खबर के मुताबिक चीन से आयात पर सख्ती का एक मकसद यह भी है कि सरकार देश में ही इन चीजों का उत्पादन बढ़ाना चाहती है। इससे घरेलू उद्योगों को फायदा होगा और उपभोक्ताओं को घटिया किस्म के सामान से बचाया जा सकेगा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने इस बारे में 19 मई को एक आदेश जारी किया है। डीपीआईटी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह आदेश 19 मार्च, 2026 से लागू होगा।

उद्योग जगत के जानकारों का कहना है कि सरकार का यह आदेश बीआईएस की हालिया छापेमारी के बाद आया है। बीआईएस ने छापेमारी में पाया कि बाजार में घटिया क्वालिटी के उत्पाद बिक रहे हैं। यहां तक कि ये उत्पाद ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइटों के गोदामों में भी मिले। चूंकि यह एक क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर है, इसलिए सरकार ने उद्योगों को इन उत्पादों को भारत में ही बनाने के लिए कहा है। सरकार चाहती है कि इन उत्पादों के लिए देश में वैसी ही सप्लाई चेन बने जैसी जूते, खिलौने औद्र ष्ट जैसे उत्पादों के लिए बनी है।

# पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने यूपी के निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस प्रोजेक्ट पर 24 घण्टे में सड़क निर्माण का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के निर्माण क्षेत्र में योगदान देने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पटेल), गुजरात ने 6 लेन के गंगा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट का सबसे तेज़ निर्माण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जो एक राज्य के स्वामित्व का भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे है, तथा उत्तर प्रदेश राज्य के प्रगतिशील एवं दूरदर्शी मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी का ड्रीम प्रोजेक्ट भी है।

इस विश्व रिकॉर्ड के तहत 24 घण्टे के भीतर बिना रुके कार्य करते हुए 20,105 मीट्रिक टन बिटुमिनस कॉन्क्रीट के इस्तेमाल से 171,210 वर्गमीटर को कवर कर 34.24 किलोमीटर का बिटुमिनट कॉन्क्रीट बिछाया गया तथा पटेल एंसीलरी कंपनी रोड शील्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 किलोमीटर के मैटल बीम क्रैश बैरियर का इंस्टॉलेशन किया गया। इस उपलब्धि को तीन मुख्य प्रतिष्ठित संस्थानों - गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता प्रदान कर आधिकारिक रूप से प्रमाणीकृत किया गया है।

यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सीईओ श्री मनोज कुमार सिंह की दूरदर्शिता एवं निगरानी में यह विश्व रिकॉर्ड संभव हो पाया। स्थानीय एवं राज्य अधिकारियों के पूर्ण सहयोग से इस प्रोजेक्ट का पूरा होना स्थानीय क्षेत्र एवं उत्तर




प्रदेश राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, जो राष्ट्रीय संपर्क को सुदृढ़ करने एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा। रिकॉर्ड बनाने का प्रयास प्रतिष्ठित गंगा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट (ग्रुप 3) पर किया गया, जो अदानी ग्रुप की कंपनी अदानी रोड एण्ड ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (एआरटीएल) का एक प्रोजेक्ट है। जिसका नेतृत्व हरदोई एवं उन्नाव ज़िलों के बीच यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) द्वारा किया गया है। यह काम 17 मई 2025 सुबह ठीक 5 बजे शुरू हुआ और लक्ष्य के मुताबिक 18 मई 2025 को सुबह 5 बजे पूरा हो गया। महज 24 घण्टे के भीतर इसे सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए इंजीनियरों, आधुनिक मशीनरी, मटीरियल एवं कुशल श्रमिकों ने अद्भुत समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया।

# भारत माता के जयकारों से शहर गुंजायमान

## सांसद विवेक साहू के साथ तिरंगा लेकर निकले हजारों नागरिक



**छिन्दवाड़ा।** भारतमाता के जयकारो से शहर गुंजायमान था। हजारों नागरिक सांसद विवेक साहू के साथ हाथों में तिरंगा लेकर शहर की सडकों पर नजर आ रहे थे। अपने प्यारे देश के प्रति देशभक्ति व्यक्त करते हुए और भारतीय सेना के प्रति सम्मान और कृतज्ञता जताते हुये नागरिकों में अभूतपूर्व उमंग और उत्साह नजर आ रहा था। यह दृश्य शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का था।

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपरांत भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत छिन्दवाड़ा जिले में भी सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूर्व में कोयलांचल और चौरई विधानसभा क्षेत्र में निकाली सफल तिरंगा यात्रा के बाद सांसद श्री साहू के नेतृत्व में मंगलवार को छिन्दवाड़ा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे मोटर साईकल और चौपहिया वाहनों में सवार होकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये।

इस दौरान अपने संदेश में सांसद विवेक साहू ने कहा की हमारी भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से विश्व को अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर दुश्मनों को नेस्तनाबूद करते हुये तिरंगे का परचम लहराया। हमें हमारी सेना पर गर्व है। हमारी सेना के पराक्रम से हमें गर्व की अनुभूति होती है। सांसद श्री साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सेना को दी गई खुली छूट का ही परिणाम है कि ऑपरेशन सिंदूर को ऐतिहासिक सफलता मिली है।

### शहर के प्रमुख मार्गों से निकली तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में छिन्दवाड़ा शहर में भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, नगर मंडल दो के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नगर मंडल तीन के अध्यक्ष नवीन बारस्कर और नगर मंडल चार की अध्यक्ष श्रीमति लीला बाजोरिया के मार्गदर्शन में रैली निकाली गई। रैली का शुभारम्भ नरसिंगपुर नाका के पास स्थित काली माता मंदिर से किया गया, जो शनिचरा बाजार मेन रोड, चारफाटक, छोटी बाजार, गोलगंज, फव्वारा चौक, जेल बगीचा, गुलाबरा, मोहन नगर होते हुये मानसरोवर काम्पलेक्स बस स्टेंड स्थित मेजर अमित ठेंगे प्रतिमा स्थल पर पहुची। रैली के दौरान युवाओं द्वारा देशभक्ति के नारे लगाये गये, जिसने रैली में शामिल लोगों में जोश भरने का काम किया। रैली के समापन पर सहयोग देने पर सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संगठनों, निजी संस्थाओं सहित विभिन्न संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### विभिन्न संगठन तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

छिन्दवाड़ा शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा में विभिन्न संगठनों ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सैनिक संगठन, लोकतंत्र सेनानी संगठन, अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ नागरिक संगठन, पेंशनर्स संगठन, आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्म कुमारी समाज, इस्कॉन मंदिर समिति, रामलीला मंच समिति, छोटी माता मंदिर समिति, भुजलिया उत्सव समिति, भारतीय किसान संघ, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी, गुरुसिंघ सभा, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज, वैश्य महासम्मेलन, मराठा समाज, साहू समाज, बंगाली समाज, अनाज व्यापारी संघ, सब्जी व्यापारी, गांधी गंज व्यापारी मंडल, फुटकर व्यापारी मंडल, वंशकार समाज, गुजराती समाज, कुशवाहा समाज, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, विद्यार्थी परिषद, दुर्गा वाहिनी, शिवसेना, ब्रह्म समाज, लोणारे कुनबी समाज, तिरोले कुनबी समाज, नेमा समाज, कल्चुरी कलार समाज, आदिवासी समाज, वाल्मीकि समाज, रविदास समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, किरार समाज, रघुवंशी समाज, पाल समाज, जिम एसोसिएशन, पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन, क्रिकेट एसोसिएशन, हॉकी संघ, फुटबाल संघ, बैडमिंटन संघ, नगर निगम कर्मचारी संघ सहित समस्त सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुये।

## 21 से 25 जून तक सोनाखार गुरूकुल में समर कैम्प



**छिंदवाड़ा ।** महर्षि दयानंद सरस्वती आर्ष गुरुकुल सोनाखार में 21 से 25 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। गुरुकुल के आचार्य ओमदेव शास्त्री ने बताया कि कैम्प सुबह 7 बजे से 9 बजे तक होगा जिसमें बच्चों को यज्ञ करना, डांस, चित्रकला, हेडराइटिंग, खेल, नाटक जूडो कराटे, योगा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बच्चों को संस्कार शिक्षा भी दी जावेगी जिससे वे देश के अच्छे नागरिक बन सकें।

## जनसमस्या निवारण में नगर निगम छिंदवाड़ा फिर आया प्रथम

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम छिंदवाड़ा पुनः प्रथम पायदान पर आया है। प्रतिमाह भोपाल से जारी की जाने वाली रैंकिंग में लगातार सभी 16 नगर निगमों में छिंदवाड़ा नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा माह अप्रैल 2025 में 97.54% के साथ संतोषजनक निराकरण के कारण प्रथम स्थान एवं ग्रेड प्राप्त हुआ है। नगर निगम छिंदवाड़ा को एक वर्ष से भी अधिक समय से सीएम हेल्पलाइन संबंधी शिकायतों के निराकरण में, ग्रेड प्राप्त हो रहा है जो प्रदेश स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की।

## पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वां जयंती आज

**छिंदवाड़ा।** वीरता और मूल्यों की देवी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर दिनांक 21/05/2025 दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में देवी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं संगोष्ठ का कार्यक्रम होगा । जिसके माध्यम से पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी के आदर्शों एवं नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सके । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, महापौर विक्रम अहाके सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम की सहप्रभारी एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा दामोदर ने बताया कि जन्म जयंती के अवसर पर 21 मई से लेकर 31 मई तक के बीच संगोष्ठी, महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, महिला सशक्तिकरण शोभा यात्रा, नृत्य नाटिका, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

## हल्की बारिश होने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटों के दौरान (21 से 25 मई 2025) घने से मध्यम बादल रहने एवं दिनांक 21.05.2025 एवं 22.05.2025 को बिजली, तूफान/तेज़ हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ हल्की बारिश एवं दिनांक 23.05.2025-25.05.2025 को बिजली, तूफान/तेज़ हवा (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 38-39 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 63-69 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 34-38 प्रतिशत रहने की संभावना है । आने वाले दिनों में हवा दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण दिशा में बहने एवं 02-07 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## राजीव गांधी को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

### दोपहर 3 बजे छिंदवाड़ा कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का होगा आयोजन

**छिंदवाड़ा।** दूरसंचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन सहित समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर मनाई जाएगी। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण पूर्व प्रधानमंत्री के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे। राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों में पर 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाने हेतु निर्देशित किया है।

## 153 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्ना जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्ना, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 153 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 153 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 68, बिल संबंधी 39, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 05 और अन्य प्रकार की 16 शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 153 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संधी 68, बिल संबंधी 39, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 05 और अन्य श्रेणी की 16 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

## किसानों को यूरिया नहीं मिलने से सड़क पर किया प्रदर्शन

### किसानों ने कहा-की उचित मूल्य की दुकान से दिलाई जाए



**अमरवाड़ा ।** नगर के बाईपास छिंदवाड़ा नरसिंहपुर मार्ग में किसानों ने यूरिया नहीं मिलने को लेकर जमकर रोड में प्रदर्शन कर नारेबाजी की किसानों ने बताया कि हम सुबह 4 बजे से आकर लाइन लग रहे हैं और हमें यूरिया नहीं दी जाती जबकि सेल्समैन ने 50 व्यक्तियों को टोकन बांट दिया है अब बाकी लोग जो लाइन में लगे हैं उन्हें कल आने को बोल दिया है इसके विरोध में सभी किसानों ने एकजुट होकर छिंदवाड़ा नरसिंहपुर मार्ग में जमकर प्रदर्शन किया जानकारी मिलते ही मौके पर तहसीलदार राजेश मरावी नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे कृषि विभाग की एस ए डी ओ श्रीमती अनीता लहरिया मौके पर पहुंची और सभी किसानों को समझाया और यूरिया दिलाने की व्यवस्था बनवाई

### उचित मूल्य की दुकानों से दिलवाई जाए यूरिया

किसानों ने कहा कि हमें अतिरिक्त दाम लेकर यूरिया दी जा रही है जबकि निर्धारित दामों पर मिलती है इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि हम सभी 10 से 20 किलोमीटर के ग्रामीण है जो अमरवाड़ा यूरिया लेने आते हैं हमारे गांव में भी उचित मूल्य की दुकानें हैं वहां से ही हमें यूरिया वितरित कराई जाए।

### रेमंड और कर्मचारी संघ की परेशानी का हल...

## कामगारों का वेतन समझौता प्रत्यक्ष पौने 7 हजार रुपए तथा बेसिक 60 प्रतिशत

**सौंसर ।** रेमंड लाइफस्टाइल कंपनी बोरगांव जि. पांढुर्ना में कामगारों का वेतन समझौता प्रत्यक्ष 6700/ रुपए तथा बेसिक 60 प्रतिशत सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तथा पूर्व सांसद नकुलनाथ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। छिंदवाड़ा परिवार के हर सदस्य का ध्यान रखने वाले हम सभी के नेता कमलनाथ और नकुलनाथ की मध्यस्थता का ही परिणाम है कि आज सभी कामगारों के परिवार में खुशी की लहर आयी है। लगातार वेतन समझौते संबंधी रेमंड के सीएमडी से संपर्क कर मजदूरों के हित में दबाव बनाया तथा क्षेत्र के विधायक विजय चौरे ने भी वरिष्ठ प्रबंधक से बातचीत कर मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत कर वेतन समझौता संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला वस्त्र उद्योग एंप्लाइज यूनियन के समस्त पदाधिकारी तथा इस लड़ाई को लड़ने वाले कामगार भाइयों एवं बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता...

## 2 करोड़ 61 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय द्वारा निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 2 करोड 61 लाख रूपये की धोखाधड़ी कर पैसे हडपने वाले पंजाब एवं दिल्ली के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



शासकीय विभागों के फर्जी दस्तावेज भेजे

छोटी बाजार निवासी आशीष सोनी पिता मदन सोनी छिन्दवाड़ा द्वारा मय दस्तावेजो के धोखाधडी के पर कोतवाली पुलिस में शिकायत की थी। आशीष सोनी वर्ष 2011 से 2014 तक मर्चेंट नेवी में इसके साथी हरविंदर गिल के साथ नौकरी करता था,2014 में आशीष सोनी के पिता की अचानक मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक नौकरी छोड़कर छिन्दवाडा आ गया था, बेरोजगारी के कारण आवेदक ने रोजगार हेतु आरोपी अरविंदर गिल एवं लक्ष्य शर्मा से संपर्क किया आवेदक आशीष सोनी द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं दस्तावेजो में आरोपी हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा के द्वारा आशीष सोनी को इंपोर्ट एवं एक्सपोर्ट बिजनेस में कमीशन की राशि निकलवाने का झांसा दिया गया एवं राशि प्राप्त करने के लिए शासकीय विभाग, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, आर.बी.आई., मिनिस्ट्री ऑफ फायनेंस, एफ.आई.यू.एम. सी.ए.आई.सी.ए.आई, प्रवर्तन निदेशालय एवं अन्य विभाग के फर्जी लेटर बनाकर आरोपीगणो द्वारा प्रार्थी आशीष को उसके मोबाईल पर मेल एवं व्हाटसअप के माध्यम से कूटरचित फर्जी दस्तावेज भेजे गये। प्रार्थी आशीष सोनी से वर्ष 2014 से वर्ष 2025 तक झांसा देकर आरोपी हरविंदर गिल एवं लक्ष्य शर्मा के द्वारा 2 करोड 63 लाख/- रुपये प्राप्त किये गये,आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों से आरोपी हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 318(4), 338, 336(3) भा.न्या.सं. का घटित करना पाया गया,त्तब आरोपीगण हरविंदर गिल पिता पाल सिंह गिल एवं लक्ष्य शर्मा पिता योगेंदर शर्मा से घटना के संबंध पूछताछ करने पर दोनो ने शासकीय विभाग के फर्जी दस्तावेज भेजकर राशि प्राप्त करना बताया है,आरोपियों से प्रार्थी को भेजे गये कुटरचित दस्तावेज,मोबाईल फोन एवं चैक जप्त किया जाकर, आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त 03 नग मोबाईल फोन,04 नग चेक (7) करोड के),बैंक पास बुक, कुटरचित दस्तावेज जब्त किये हैं।

## दुश्मन देश के हमले से निपटने हुआ सिविल डिफेंस

### फायर फाइटर, मैगजीन की सुरक्षा, कैंप लेआउट का मॉक ड्रिल



**छिन्दवाड़ा।** एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संचालित हो रहे सी.ए.टी.सी.-93 शिविर में तीन जिलों के 600 से अधिक एनसीसी कैडेट, 11 एसएससी अधिकारी, जेसीओ, एनसीओ एवं जेसीआई सम्मिलित हैं। देश में बदलती हुई सामरिक स्थिति ने एनसीसी को देश के लिए अधिक प्रासंगिक और मूल्यवान बना दिया है। उल्लेखनीय है कि एनसीसी देश का ऐसा सबसे बड़ा वर्दीधारी अनुशासित संगठन है, जो देश की नेवी, आर्मी, एयर फोर्स के साथ ही सेकंड सबसे बड़ी लाइन ऑफ डिफेंस है। जो देश में किसी भी आपात स्थिति और विदेशी तत्वों द्वारा देश के ऊपर थोपे गए युद्धों से निपटने में सक्षम है और किसी अवसर पर स्थानीय कन्या शाला परिसर में तीन जिलों के 600 एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एक मेगा मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस विषय पर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन अवधि के दौरान सर्वप्रथम बॉर्डर विलेज पर दुश्मन देश के द्वारा किए जाने वाले संभावित हमले से निपटने के फायरफाइटर की एक टीम द्वारा आज आगजनी की घटना को रोकने के लिए समुचित प्रभावी तकनीकी कदम उठाने का सजीव प्रदर्शन किया गया। इसके बाद ऐसे किसी भी हमले से निपटने के लिए सिविल डिफेंस के अंतर्गत हमारे एनसीसी कैडेट्स वॉलिंटियर्स की पूरी की पूरी टीम के साथ बदलते हुए हर हालत से निपटने के लिए तैयारी कर रही है। इस अवसर पर आवासीय क्षेत्रों पर दुश्मन देश द्वारा संभावित हमले की परिणाम स्वरुप घायल और मूर्छित लोगों को रेस्क्यू सेंटर एवं प्राथमिक उपचार केंद्र तक पहुंचाने में सशक्त भूमिका कैडेट्स के द्वारा निभाती हुई दिखाई गई। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा यातायात नियंत्रण की भूमिका का सजीव प्रदर्शन किया गया। एनसीसी कैडेट द्वारा ही मैगजीन क्षेत्र जो की हथियारों का सुरक्षित क्षेत्र होता है, उसे बचाने की और सुरक्षा के विभिन्न उपाय का सजीव प्रदर्शन एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया।

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पॉक्सो एक्ट की जानकारी

**छिन्दवाड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा के सचिव श्री राकेश सिंह की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कानून की जानकारी के साथ अपनी जीवन शैली में किस तरह सुधार करना चाहिए इसके लिये यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राकेश सिंह ने कहा कि तम्बाकू के नशा का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप में फैल रहा है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेता है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चों की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। यदि किसी व्यक्ति या बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधी या मादक प्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय-विक्रय, उसे साथ रखने, उसकी आपूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना व बालक को मादक लेकर या स्वापक औषधि या मना प्रभावित पदार्थ देने के लिए शास्ति है। नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने-अपने साथियों को नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दें।

## आदिवासी सेवा संघ के चुनाव की प्रक्रिया अवैधानिक रूप से किए जाने के संबंध में कोर्ट ने चुनाव अधिकारियों को दिया नोटिस

### चुनावी प्रक्रिया से वंचित नए पीड़ित सदस्यों ने ली जबलपुर हाईकोर्ट की शरण

**विनोद साहू बाड़ी।** आदिवासी सेवा संघ में 21 जनवरी 2025 को चुनाव अधिकारियों द्वारा जो चुनाव कराया गया था वह जबलपुर हाईकोर्ट ने नियम अनुसार न कराए जाने पर सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं द्ध कोर्ट ने माना की उक्त निर्वाचन अधिकारी ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को एक दिन में ही कैसे संपन्न कर डाला जिस कारण कोर्ट ने पूरी चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है ? कोर्ट के आदेश अनुसार 21/10/2024 को कोर्ट ने उच्च अधिकारी रायसेन कलेक्टर को पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने का आदेश दिया था जिसमें कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को पर्यवेक्षक के रूप में एवं अनुविभागीय अधिकारी बरेली को निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया था द्ध परंतु निर्वाचन अधिकारी को 3 महीने का समय कोर्ट द्वारा दिया गया जिसका उन्होंने पालन नहीं किया द्ध और पूरी चुनावी प्रक्रिया एक दिन में ही संपन्न कर डाली जबकि 3 महीने का समय मिला था जिसमें चुनाव चिन्ह से लेकर अन्य सारी चुनावी प्रक्रिया संपन्न की जा सकती थी द्ध साथ ही निर्वाचन अधिकारी ने 62 जीवित सदस्यों में से 32 सदस्यों को चुनावी प्रक्रिया में सम्मिलित होने का आदेश जारी किया जिसमें 28 सदस्य सम्मिलित हुए इस पूरी चुनावी प्रक्रिया से आहत संस्था के पूर्व सचिव रामचंद्र सिंह चौहान ने जबलपुर हाईकोर्ट के वकील वेद प्रकाश नेमा के द्वारा याचिका दायर की द्ध संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव ने बताया कि महासमिति के साथ मिलकर 30 सदस्यों की पूर्ति संपन्न कर ली थी द्ध जिसमें एक सदस्य की पूर्ति वोटिंग के माध्यम से भी की गई थी महासमिति के 70 सदस्यों में से 62 सदस्यों की पूर्ति हो चुकी थी द्ध तो फिर क्यों निर्वाचन अधिकारी ने पुराने 32 सदस्यों में से 28 सदस्यों से चुनाव संपन्न करा डाला इस पूरी प्रक्रिया से नए सदस्य अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे साथ ही वह मन ही मन पीड़ित थे उन्होंने अपनी पीड़ा संस्था के पूर्व सचिव रामचंद्र सिंह चौहान से व्यक्त की और संस्था के पूर्व सचिव ने अपनी पूरी पीड़ा जबलपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका लगाकर दिखाई और कोर्ट ने भी उनकी इस पीड़ा को समझते हुए उक्त अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं ।




## पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

### संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को सौंपी अहम जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सुरेश झलके द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार घोषित कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदों पर नियुक्तियां की गई है जो निम्नानुसार है। समन्वयक भागवत महाजन, सह समन्वयक आनंदराव कोल्हे एवं युवराज जिचकार मनोनीत किए गए हैं।

**कार्यवाहक अध्यक्षः** प्रमोद भांगे, विनायकराव मर्सकोल्हे, मधुकर धुर्वे, अशोक चौधरी, सुनील बुधराजा व अतुल जुननकर को कार्यवाहक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

**वरिष्ठ उपाध्यक्षः** कदार भाई, पुनक सिंह धुर्वे, शरद सांबारे व सतीश बोड़खे मनोनीत किए गए हैं।

**उपाध्यक्षः** प्रल्हाद इरपाची, चिंतामन पराड़कर, देवेन्द्र केदार, सुभाष आमने, निलेश गजभिये, अशोक गाखरे, शशी राय नियुक्त किए गए हैं। संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी रवि खापरे को सौंपी है।

**महामंत्रीः** नामदेव देशमुख, टेकचंद बोरिवार, शामठाकुर दीक्षित व प्रशान्त छवरे मनोनीत किए गए हैं।

**सचिवः** अमजद खान, रमेश गजभिये व निवृत्ति गुरवे एवं सहसचिव दुर्गेश देशमुख, राख्या उइके नियुक्त किए गए हैं।

**विशेष आमंत्रित सदस्यः** गंगाप्रसाद तिवारी, निलेश उइके, विजय चौरे, जनत उइके, चंद्रशेखर सांबारतोड़े, अरुण धुर्वे, विजय चौधरी, सुनील जुननकर, पुनाराम बाविशटाले, लताबाई तुमडझम, भीमराव वालके, नन्दकिशोर राय, ताहिर पटेल व सुरेश सुरजुसे विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए गए हैं। आमंत्रित सदस्यों में संगठन से जुड़े 49 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के नाम सम्मिलित है।

## यह है वाटरमैन आईएएस अधिकारी, कई मृत नदियों को जीवित कर दिया!

**सिंगरौली।** जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह इन दिनों चर्चा में हैं। उन्हें 'एमपी का वाटरमैन' कहा जाता है। अपनी पोस्टिंग के दौरान उन्होंने कई नदियों को जीवित किया है। जिले में कंचन नदी एक बार फिर से कल-कल बहने लगी। इस समय देश और प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजनाएं चल रही हैं। ऐसे में सिंगरौली जिला पंचायत और जिला प्रशासन द्वारा 'नदियों के पुनर्जीवन' की चर्चा हैं।

भारत के जलपुरुष का खिताब राजेंद्र सिंह को मिला है। उनका जल संरक्षणवादी मॉडल दुनियाभर में प्रसिद्ध है। कुछ इसी तरह मध्यप्रदेश के एक आईएएस अफसर ने 8 नदियों को पुनर्जीवित करने का काम शुरू कर दिया। प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान यह अफसर चर्चा में आ गए।

छिंदवाड़ा में उनके द्वारा किया गया जल प्रबंधन के मॉडल के चलते उन्हें भारत सरकार 'जल प्रहरी सम्मान' से सम्मानित कर चुकी है। छत्तीसगढ़ की मतिरंगा पहाड़ियों से लेकर मैकल की श्रृंखला में बहने वाली अनेक नदियों के द्वारा सींचा जाता रहा है।

**कंचन नदी को जीवित कर दिया :** यहां बहने वाली कंचन नदी सिर्फ बारिश में ही बहती थी। दिसंबर से पहले ही नदी सूख जाती थी। लेकिन, यहां कार्यभार संभालने के बाद सीईओ गजेंद्र सिंह ने 'नदियों के पुनर्जीवन' का अभियान प्रारंभ किया। जिला पंचायत सिंगरौली द्वारा जिले में वर्ष 2022-23 से 8 छोटी, बड़ी नदियों के पुनर्जीवन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। 'रिज टू वैली' के सिद्धांत पर किये जा रहे नदी संरक्षण अभियान पर आईएएस गजेंद्र सिंह ने बताया कि मनरेगा योजना (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) अपने बनावट में ही मुख्यतः मिट्टी और पानी के संवहनीय संरक्षण का मॉडल प्रस्तुत करती है।

कंचन नदी जिसका उद्गम जिले के ही फुलवारी टोला की पहाड़ियों से होता है। 1975 में बने कंचन बांध के बाद यह नदी लगभग विलुप्त हो गई थी। लगभग 29 किलोमीटर के अपने अपवाह में पड़ने वाले गांवों फुलवारी टोला, गड़ेरिया, तेलदह, पौडी नौगई, चोकरा, गड़हरा, देवरी आदि में लगभग 476 एकड़ में नदी पर अतिक्रमण हो चुका था। इस स्थिति में कैचमेंट क्षेत्र में भूगर्भीय जलस्तर में व्यापक गिरावट दर्ज की गई।




**कंचन नदी को ऐसे मिला पुनर्जीवनः** गजेंद्र सिंह ने बताया कि नदी पुनर्जीवन के प्रथम चरण में इन चिन्हित ग्रामों में नदी में गाद निकासी, तटों की प्रोफाइलिंग के कार्य वर्षा काल के पूर्व कराए गए। चूंकि नदी के दोनों तरफ ज्यादा हिस्सों में निजी भूमियां थीं। अतः उनसे समन्वय कर, मेड़ बंधान और नदी की परिसीमा बनाने का कार्य किया गया। वर्षा काल में चिह्नित शासकीय भूमियों पर व्यापक पौधारोपण का कार्य किया गया। कटे घाटों को प्लग कर सुदृढ़ करने कार्य किया गया। जिला खनिज प्रतिष्ठान से नदी की संरचना में ग्राम गडहरा में गैबियन सह स्टॉप डैम 50 लाख की लागत से स्वीकृत किया गया।


### चुनौतीपूर्ण कार्य को ऐसे किया पूरा


इस नदी पर ऐसा कोई भी कार्य इसलिए भी कठिन और चुनौती पूर्ण था। क्योंकि, नदी का आधार रेतीली मिट्टी का है। साथ ही नदी लगभग 80 से 120 मीटर की चौड़ाई में बहती है। खर्च को सीमित करने की दृष्टि से 4 मीटर गहरे एवं 6 मीटर चौड़े गेबियन में कंक्रीट की कॉपिंग की जाकर उसे मजबूती प्रदान की गई। पृथक से किसी प्रकार के स्टील का उपयोग नहीं किया गया। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस कार्य के पूर्णता के पश्चात 120 मीटर की चौड़ाई में लगभग 550 मी लंबाई में जल पूरी तरह से भर चुका हुआ है।

**अलग-अलग संरचनाओं से जल संरक्षणः** उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के तीन अन्य स्ट्रक्चर भी नदी में स्वीकृत किए गए हैं। जल के स्थाई भरण से भूगर्भीय जलस्तर में व्यापक सुधार दृष्टिगत हुआ है। सूखे हुए हैंडपंप और कुओं में जल की धारा प्रवाहित हो पाई है। विशेषकर कृषकों को पानी की उपलब्धता होने से उनके द्वारा भी नदी पुनर्जीवन के कार्य में रुचि प्रकट की जा रही है। व्यापक जन समर्थन की प्राप्त हो रहा है। उनके मध्य इस प्रकार के संरक्षण कार्य तथा मानव दखल को कम से कम करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि व्यवस्थाएं निरंतर रह सकें।

सोशल मीडिया से



## 31 को भोपाल आएंगे पीएम मोदी, सीएम मोहन यादव जंबूरी मैदान पहुंचकर लिया जायजा







इंदौर। 31 को भोपाल आएंगे पीएम मोदी, सीएम मोहन यादव जंबूरी मैदान पहुंचकर लिया जायजा। सीएम मोहन यादव ने कहा कि अहिल्या देवी का वैसे तो सभी क्षेत्रों में योगदान रहा है, लेकिन सबसे बड़ा योगदान उनका महिला सशक्तिकरण में रहा है. महिलाओं का सम्मान बढे और वह स्वावलंबी बने इस दिशा में लगातार सरकार काम कर रही है. इस कार्यक्रम में 200 समूह की महिलाओं और उद्यमशील बहन बेटी माता बहनों को हम भोपाल में बुलाने जा रहे हैं. इन बहनों की संख्या लगभग दो से ढाई लाख होगी. इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।



# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस मनाया





**भोपाल।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस बुधवार को मनाया गया। बिट्टन मार्केट चौराहे पर10.15 बजे बाल यातायात पार्क पुरानी विधानसभा के सामने व सुबह 10.30 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह जी की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया । इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस जन, विधायक गण, पार्षद गण, पूर्व पार्षद गण, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष गण, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष गण, मंडलम सेक्टर के साथी एवं जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के सभी साथी शामिल हुए।

# शिवराज के गढ़ विदिशा से कांग्रेस का पायलट प्रोजेक्ट, कल से 100 एक्सपर्ट्स गांव-गांव जाकर परखेंगे पार्टी की मजबूती

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राजनीतिक सूखे का सामना कर रही कांग्रेस अब संगठन को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ विदिशा से पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है। 22 मई से एमपी कांग्रेस के करीब 100 नेता विदिशा जिले की सभी ग्राम पंचायतों और वार्डों में जाएंगे। यह पूरा पायलट प्रोजेक्ट करीब 20 दिन तक चलेगा। एमपी कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान का पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसके लिए अलग-अलग विशेषज्ञताओं और अनुभवों वाले 100 एक्सपर्ट्स को विदिशा जिले के लिए सिलेक्ट किया है। इसमें संगम नेतृत्व टीम और ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के सदस्य और कुछ संगठन मंत्री शामिल हैं। बूथ समितियों में काम करने वाले कुछ सक्रिय कार्यकर्ता भी इस टीम में शामिल किए गए हैं। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 20 दिन तक कांग्रेस के कार्यकर्ता विदिशा जिले की हर ग्राम पंचायत



और वार्डों में जाकर संगठन की स्कैनिंग करेंगे। किस गांव, वार्ड में कांग्रेस मजबूत है और कहां कमजोर है। पार्टी जहां कमजोर है उसके कारणों की एक रिपोर्ट बनाएंगे। विदिशा जिले की सभी विधानसभाओं में गांव और वार्ड वार जातीय और स्थानीय समीकरणों की भी रिपोर्ट बनाएंगे। इसमें यह देखा जाएगा कि जिस जाति-वर्ग की गांव-वार्ड में बहुलता है। कांग्रेस के स्थानीय संगठन में उस समाज वर्ग के लोगों ही सहभागिता है या नहीं?


### दो विधानसभाओं की रिपोर्ट डिजिटल, 3 की फिजिकल होगी दर्ज

विदिशा जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के पायलट प्रोजेक्ट में दो विधानसभाओं की रिपोर्ट डिजिटल तैयार कराई जाएगी और तीन सीटों की रिपोर्ट फिजिकल यानी पेपर पर दर्ज होगी। इस प्रोजेक्ट के दौरान यह देखा जाएगा कि जिन कार्यकर्ताओं को काम दिया गया है, वे डिजिटल रिपोर्टिंग सही कर रहे हैं या कागज पर सही जानकारी दर्ज हो रही है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आज होगी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

भोपाल। स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज को शाम 4 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई है। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक हेतु सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर, संस्था प्रभारियों को आवश्यक जानकारियों सहित उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं संचालित अभियानों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अंतर विभागीय समन्वय एवं सहयोग हेतु स्वास्थ्य विभाग के अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान

## राजीव गांधी को श्रद्धांजलि



सहमा सा है वतन कि कुछ लोग खून मांगते हैं,
कुछ लोग मुझसे मेरा हिंदुस्तानी वजूद मांगते हैं !
ज़माना बीता है जिनका फिरंगियों की मुखबिरी में,
वो आज मुझसे देशभक्त होने का सबूत मांगते हैं !
एक सोच..
एक सपना..
एक दृष्टि..
शक्तिशाली..
विकसित...
मज़बूत भारत की !
विनम्र श्रद्धांजलि।।

-डॉ. संदीप सबलोक

# सीएम डॉ मोहन यादव का जबरा फैन, युवक ने हाथ पर बनवाया टैटू, कहा- मरते दम तक...

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जबरा फैन सामने आया है। इस युवक ने ऐसा टैटू बनवाया जो किसी ने सोचा भी न होगा। यह प्रशंसक बाकी फैन्स से थोड़ा अलग है। आपने एक्टर, एक्ट्रेस या खिलाड़ियों की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती देखी होगी, लेकिन किसी राजनेता या किसी सीएम को लेकर





इतनी चाहत बहुत कम देखने और सुनने को मिलती है, लेकिन मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव का यह फैन बाकी चाहने वालों से थोड़ा हटकर है। जी हांज इस युवक का नाम दीपक शर्मा है, जो विदिशा जिले का रहने वाला है। दीपक शर्मा, प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव का बहुत बड़ा प्रशंसक है। दीपक ने बताया कि वह डॉ मोहन यादव का बहुत बड़ा फैन है। सीएम के प्रति दीवानगी के चलते उसने अपने हाथ पर टैटू तक गुदवा लिया है। उसका कहना है कि यह टैटू मरते दम तक अमर रहेगा।

# नौतपा से पहले भोपाल-इंदौर समेत 40 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, चंबल में आज लू चलेगी



**भोपाल।** नौतपा से पहले मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश वाला मौसम है। बुधवार को भोपाल, इंदौर समेत 40 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। ग्वालियर-चंबल में लू चलेगी। इस बार नौतपा 25 मई से शुरू होगा, जो 2 जून तक रहेगा। मई में पूरे प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहता है। नौतपा में भीषण गर्मी रहती है। इस बार अब तक आंधी-बारिश वाला मौसम ही रहा है। लगातार 20 दिन से प्रदेश में बारिश हुई है। 24 मई तक भी तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग के 8 जिले- ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निमाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू चलने का अलर्ट है। नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और झाबुआ में आंधी का ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा या इससे अधिक रह सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, कटनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, रायसेन, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, देवास, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, धार में भी तेज आंधी और बारिश होने के आसार है।

### सिस्टम के एक्टिव होने से ऐसा मौसम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, प्रदेश में अभी तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ की एक्टिविटी है। इनकी वजह से अगले कुछ दिन तक बारिश और आंधी का असर बना रहेगा। कुछ जिलों में तेज बारिश भी हो सकती है। बुधवार को ग्वालियर-चंबल संभाग में लू का असर भी बना रहेगा।

### खजुराहो-नौगांव में पारा 45 डिग्री पार, ग्वालियर में बारिश भी हुई

इससे पहले मंगलवार को गर्मी का असर देखने को मिला। छतरपुर जिला सबसे गर्म रहा। यहां के 2 शहर- खजुराहो में 45.5 डिग्री और नौगांव में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में पारा 44.5 डिग्री रहा, लेकिन यहां हल्की बारिश भी हुई। मंडला, सागर, सतना-सीधी में भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, टीकमगढ़ में 44.8 डिग्री, सतना में 43.5 डिग्री, शिवपुरी-रीवा में 43 डिग्री, गुना में 42.8 डिग्री, सीधी में 42.4 डिग्री, दमोह में 41.5 डिग्री, मंडला में 41.4 डिग्री, उमरिया-सागर में 40.6 डिग्री और रायसेन में 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 39 डिग्री, इंदौर में 34.6 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 40.8 डिग्री रहा। रतलाम में सबसे कम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

